विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 300 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 01 अगस्त 2025 डाक 02 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ।



**देश-विदेश**
इस सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे तेज प्रताप यादव, बोले- मेरी जीत लालू यादव की जीत



**फीचर पेज**
मस्कारा लगाते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, मिलेगा बेहतरीन लुक



## मालेगांव ब्लास्ट केस
# बयानों से पलटे 39 गवाह

### तो एनआईए कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला, कई चौंकाने वाले खुलासे भी हुए



**नईदिल्ली, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

मालेगांव बम धमाका केस में सभी सात आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया है। इस केस में बीते कुछ वर्षों में कई गवाह अपने पहले दिए बयानों से पलट गए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस और एटीएस ने उन पर दबाव डालकर बयान दिलवाए थे। अदालत ने सातों आरोपियों को बरी करने के फैसले के पीछे सबूतों में भारी विरोधाभास और गवाहों द्वारा बदली गई गवाही को कारण बताया है। इस केस में कुल 39 गवाह अपने बयान से पलट गए थे। इन गवाहों ने पुलिस को एटीएस को पहले दिए बयानों में आरोपियों को दोषी ठहराया था, लेकिन अब अदालत में उन्होंने कहा कि उनके बयान दबाव में लिए गए थे और उन्होंने ऐसा कहा ही नहीं था। 2021 से अब तक जब ये गवाह एनआईए की विशेष अदालत में पेश हुए तब उन्होंने पुलिस को दिए अपने पुराने बयानों को गलत बताया। कई गवाहों ने यहां तक कहा कि एटीएस ने उनके बयान गढ़े थे।

# एसआईआर को लेकर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही दो बजे तक स्थगित



**नईदिल्ली, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के तीन मिनट के भीतर ही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, तभी विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह करते हुए कहा, ''सदन की गरिमा को बनाकर रखिए।

प्रश्नकाल बहुत महत्वपूर्ण समय होता है।'' उन्होंने सदस्यों के नारेबाजी करने और तख्तियां दिखाने पर निराशा प्रकट करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्य प्रश्नकाल में अन्य सदस्यों के प्रश्न पूछने का और सरकार को जवाबदेह ठहराने का अधिकार नहीं छीन सकते। बिरला ने कहा कि यह सदस्यों का गलत तरीका और गलत आचरण है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही 11 बजकर तीन मिनट परदोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत बीते 21 जुलाई को हुई थी और निचले सदन में केवल दो दिन, गत मंगलवार और बुधवार को प्रश्नकाल हो पाया है।

# खानपुर इलाके में 3 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी



**नईदिल्ली, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के खानपुर इलाके में तीन जगहों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई एक फर्जी कॉल सेंटर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई। इस कॉल सेंटर पर पायरेटेड सॉफ्टवेयर बेचकर अमेरिकी नागरिकों को ठगने का आरोप है। दिल्ली के खानपुर में छापेमारी गुरुवार रात करीब 10.30 बजे शुरू हुई और अभी भी जारी है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। प्रारंभिक जांच से सामने आया कि कॉल सेंटर ऐसे व्यक्तियों द्वारा चलाया जा रहा था, जो माइक्रोसॉफ्ट विंडोज जैसे असली सॉफ्टवेयर की आड़ में पायरेटेड सॉफ्टवेयर बेच रहे थे। आरोपियों ने अमेरिका समेत अन्य देशों के नागरिकों को गुमराह करके यह सॉफ्टवेयर बेचे। प्रवर्तन निदेशालय को संदेह है कि संचालकों को 2016-17 और 2024-25 के बीच लगभग 100 करोड़ रुपए की विदेशी धनराशि प्राप्त हुई।

फिलहाल इस मामले में ईडी की जांच जारी है। सके अलावा, नकली बैंक गारंटी रैकेट मामले में भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच शुरू कर दी है। नवंबर 2024 में दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक मामला दर्ज किया था। इसी आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई शुरू की है। मामले में ईडी ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में कई ठिकानों पर छापे मारे। भुवनेश्वर में बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों से जुड़े 3 परिसर पर छापेमारी की गई। कोलकाता में एक सहयोगी के ठिकाने पर कार्रवाई हुई। जांच में खुलासा हुआ कि ओडिशा स्थित बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशक और सहयोगी 8 प्रतिशत कमीशन पर फर्जी बैंक गारंटी जारी करने में शामिल थे। इन लोगों ने कमीशन के लिए फर्जी बिल जारी किए। कई अघोषित बैंक खातों का पता चला है, जिनमें कथित तौर पर करोड़ों रुपए के संदिग्ध लेनदेन हुए। ईडी की जांच में कई कंपनियों के साथ संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का भी पता चला है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से स्वतंत्रता दिवस भाषण के लिए मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** देश भर में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस ) की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशवासियों से संवाद साधा है। देश की जनता से पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस भाषण के लिए सुझाव मांगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस भाषण के लिए अपने सुझाव और विचार साझा करें। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने विचार माय जीओवी और नमो ऐप के ओपन फोरम के जरिए साझा करें।

# बीएसएफ जवान लापता मचा हड़कंप, एक्शन में पुलिस




**श्रीनगर, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर कैंप से एक बीएसएफ जवान के लापता होने की खबर सामने आई है। जवान के लापता होने जानकारी के बाद सुरक्षाबल और स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गए हैं। वहीं, जवान का सुराग ना मिलने पर स्थानीय पुलिस को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई 2025 की रात को बीएसएफ के जवान सुगम चौधरी अपने बटालियन मुख्यालय, पंथाचौक से अचानक गायब हो गए। बीएसएफ ने तुरंत आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन जवान का कोई सुराग नहीं मिला। इस घटना के बाद यूनिट ने स्थानीय पुलिस स्टेशन पंथाचौक में जवान की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस और बीएसएफ संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रहे हैं और जवान का पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। बीएसएफ ने बताया कि बीएसएफ की 60वीं बटालियन के जवान सुगम चौधरी 31 जुलाई 2025 की देर रात को बटालियन मुख्यालय पंथाचौक से लापता हो गए. सर्च ऑपरेशन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला है।

ये कोई पहली बार नहीं है, जब बीएसएफ का कोई जवाब इस तरह से लापता हुआ हो। दिसंबर 2023 में बीएसएफ जवान लापता हो गया था। वह ड्यूटी पर लौटते वक्त गायब हो गया था। इसके अलावा मई 2024 में जम्मू में एक बीएसएफ एएसआई के लापता होने की घटना सामने आई थी। इन घटनाओं ने सुरक्षाबलों के लिए मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा प्रोटोकॉल और निगरानी तंत्र पर सवाल खड़े किए हैं।

# भारत समेत सभी देशों पर टला ट्रंप का टैरिफ वार, पाक पर कर दी बड़ी मेहरबानी



**नईदिल्ली, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में भारत पर 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का एलान किया है। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने दर्जनों देशों पर 10 प्रतिशत से लेकर 41 प्रतिशत तक के नए रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया है। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान पर खास प्रेम दिखाया है।

टैरिफ लगाने की अंतिम तिथि 1 अगस्त थी, लेकिन नए शुल्क 7 अगस्त से लागू होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस एलान के बाद भारत पर भी इसका गहरा असर देखने को मिल सकता है। हालांकि, भारत ने साफ कहा है कि राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। वहीं, 70 के करीब देशों पर भी ट्रंप ने भारी टैरिफ थोपा है। ताइवान पर 20 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। हालांकि, पाकिस्तान को थोड़ी रहम दिखाते हुए केवल 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप का ये फैसला वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। जिस आदेश पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने हस्ताक्षर किए हैं, उसमें कहा गया है कि इस आदेश के बाद 7 दिनों के भीतर नई टैरिफ की दरें लागू हो जाएंगी। इसके अलावा बताया गया कि इस टैरिफ वाले आदेश में जिन देशों के नाम शामिल नहीं है, उन सभी पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला लिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बार फिर से पाकिस्तान प्रेम देखने को मिला है। उन्होंने पाकिस्तान पर टैरिफ घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया है। पहले पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ था। वहीं, बांग्लादेश पर लगने वाले टैरिफ पर भी ट्रंप ने कमी की है। हालांकि, भारत की बात करें तो उन्होंने इंडिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

# फर्जी पहचान पत्र के साथ बांग्लादेशी एक्ट्रेस गिरफ्तार

### साउथ की फिल्मों में किया काम, कोलकाता पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश की अभिनेत्री शांता पॉल को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उन पर आरोप है कि वे फर्जी दस्तावेजों के साथ भारत में रह रही थी। शांता पॉल बांग्लादेश के बारीसाल की रहने वाली हैं और पिछले कुछ सालों से कोलकाता में रह रही थी। बांग्लादेशी अभिनेत्री के पास से फर्जी आधार और वोटर कार्ड मिला है, जिसके चलते उन्हें हिरासत में लिया गया है। 8 अगस्त को कोलकाता पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें 8 अगस्त तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

# प्रवर्तन निदेशालय का अनिल अंबानी को समन, कई ठिकानों पर छापेमारी के एक हफ्ते बाद किया गया तलब

### 17 हजार करोड़ के लोन फ्रॉड से जुड़ा है मामला



**नईदिल्ली, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित 17,000 करोड़ के लोन फ्रॉड केस की चल रही जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए तलब किया है। अनिल अंबानी को आगामी 5 अगस्त को ईडी के सामने पेश होना होगा, जहां उनसे इस केस से जुड़े मामले में पूछताछ की जाएगी। जानकारी के अनुसार, अंबानी को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। बताया जा रहा है कि एजेंसी उनके बयान दर्ज करने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। अनिल अंबानी को ये समन ईडी द्वारा पिछले सप्ताह उनके व्यावसायिक समूह की कई कंपनियों और अधिकारियों के खिलाफ छापेमारी के बाद आया है। इससे पहले 24 जुलाई को शुरू हुई यह छापेमारी तीन दिनों तक चली। इससे पहले मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में छापेमारी की गई थी। ये सभी परिसर 50 कंपनियों और 25 लोगों के थे, जिनमें अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के कई अधिकारी भी शामिल थे। ईडी के सूत्रों के हवाले से बताया कि यह जांच मुख्य रूप से 2017-2019 के बीच यस बैंक द्वारा अंबानी की समूह कंपनियों को दिए गए लगभग 3,000 करोड़ रुपये के अवैध ऋण हस्तांतरण के आरोपों से संबंधित है।

जांच में कई प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। जिसमें खराब या असत्यापित वित्तीय स्त्रोतों वाली कंपनियों को लोन जारी करना, लोन लेना वाली संस्थाओं में एक ही निदेशक और पते का उपयोग, लोन फाइलों में आवश्यक दस्तावेजों का नहीं होना, शेल कंपनियों के नाम लोन मंजूर करना, मौजूदा कर्ज को चुकाने के लिए नए लोन दिए गए। अनिल अंबानी की समूह की दो कंपनियों रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया था कि वे इस कार्रवाई को स्वीकार करते हैं।

# गोल्डन टेंपल को 20वीं बार मिली बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल भेजते समय इस तकनीक का इस्तेमाल कर रहे आरोपी



**अमृतसर।** श्री हरि मंदिर साहिब को आरडीएक्स लगाकर उड़ाने की धमकी वीरवार को बीसवीं बार दी गई है। अब तक पुलिस द्वारा आरोपितों की तलाश करने में कुल 19 दिन हो चुके हैं।लेकिन स्टेट साइबर सेल की पुलिस अभी तक आरोपित की पहचान नहीं कर पाई है। यही दावा किया जा रहा है कि आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ई-मेल के मार्फत धमकियां देने वाला आरोपित डार्क नेट का इस्तेमाल कर रहा है, जिसे ट्रैक करना इतना आसान नहीं है। फिलहाल पुलिस आरोपित तक पहुंचने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपित तक पहुंचने में एक महीने तक का समय लग सकता है। बावजूद श्री हरि मंदिर साहिब के भीतर और आसपास सुरक्षा के बंदोबस्त पुख्ता किए जा चुके है।

### ईडी ने दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटरों पर छापा अमेरिकी नागरिकों को ठगने का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक फर्जी कॉल सेंटर के खिलाफ धन शोधन की जाँच के तहत दिल्ली में छापेमारी की है। इस कॉल सेंटर पर कथित तौर पर पायरेटेड सॉफ्टवेयर बेचकर अमेरिकी नागरिकों को ठगने का आरोप है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खानपुर स्थित तीन परिसरों पर गुरुवार रात करीब 10.30 बजे छापेमारी की गई और तलाशी अभी भी जारी है।

### 3.46 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद, एक गिरफ्तार

***मुंबई।*** *मुंबई पुलिस ने भायखला इलाके में ड्रग्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.46 करोड़ रुपये की एमडी और चरस बरामद की है। यह कार्रवाई पेट्रोलिंग के दौरान की गई, जिसमें पुलिस ने एक संदिग्ध कार से भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए और एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 24 वर्षीय साहिल जुनैद अंसारी के रूप में हुई है, जो ठाणे जिले के भिवंडी इलाके का निवासी है। पुलिस के अनुसार, वह मुंबई में ड्रग्स की आपूर्ति करने के उद्देश्य से आया था।*

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# सपा सांसद से क्रिकेटर रिंकू को सगाई पड़ी महंगी, स्वीप अभियान से हटाया, चुनाव आयोग ने जिला प्रशासन को भेजा पत्र



**एटा, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

मछलीशहर की सपा सांसद प्रिया सरोज से क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी तय होने पर चुनाव आयोग ने सख्त कार्रवाई की है। क्रिकेटर को मतदाता जागरूकता संबंधी स्वीप अभियानों से हटा दिया। आयोग ने जिला प्रशासन को आगाह किया है कि स्वीप अभियान से संबंधित रिंकू सिंह के जहां भी पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स लगे हों उन्हें तत्काल हटा दिया जाए। इसके पीछे आयोग ने कारण दर्शाया है क्रिकेटर की सगाई सपा सांसद से होने के कारण राजनीतिक निहित हो सकते हैं। जून माह में मछली शहर की सांसद की सगाई रिंकू सिंह से हुई थी। कई घरेलू मैचों के दौरान उन्हें विभिन्न स्टेडियम में रिंकू सिंह के साथ देखा गया था। हालांकि इससे पहले चुनाव आयोग के निर्देश पर सरकार क्रिकेटर को स्वीप अभियान से जोड़ चुकी थी, लेकिन जब सांसद से सगाई की चर्चाएं तेज हुईं तो आयोग ने हटाने का निर्णय ले लिया।

यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद द्वारा निर्वाचन आयोग से मिले निर्देश के बाद सभी उप जिलाधिकारी तथा निर्वाचन से जुड़े अधिकारी व स्वीप टीम को निर्देशित किया है कि मतदाता जागरूकता संबंधी जैसे पोस्टर वीडियो तथा अन्य सभी स्थान जैसे वेबसाइट आदि से हटवाना सुनिश्चित करें। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि आयोग और शासन से पत्र मिलने के बाद सभी स्थानों से स्वीप अभियान से संबंधित क्रिकेटर रिंकू सिंह के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स आदि प्रचार सामग्री हटाई जाएगी, इसके लिए अधीनस्थों को निर्देश दे दिए गए हैं।

### वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन बने सह नौसेना अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने 01 अगस्त की सुबह भारतीय नौसेना के 47वें सह नौसेना अध्यक्ष (वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ) का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात, उन्होंने नई दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर राष्ट्र सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने 01 जनवरी 1988 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त किया था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), पुणे के 71वें कोर्स के पूर्व छात्र हैं । गनरी और मिसाइल प्रणाली के विशेषज्ञ वाइस एडमिरल वात्स्यायन ने अपने तीन दशकों से अधिक के सैन्य करियर में संचालन, कमान और स्टाफ से जुड़े अनेक महत्त्वपूर्ण दायित्व निभाए हैं।

# कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य मस्य संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





## कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉकों की उल्लेखनीय उपलब्धि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व कृषि क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन

**कोरबा।** नीति आयोग के तत्वावधान में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन रहें।
संपूर्णता अभियान आकांक्षी जिलों एवं ब्लॉकों के लिए एक ऐतिहासिक पहल रही, जिसका उद्देश्य प्रमुख 6 प्रदर्शन संकेतकों में पूर्णता प्राप्त करना था। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक अधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों, फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा विभिन्न विभागीय टीमों के समन्वित प्रयास से कोरबा ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के 6 में से 5 संकेतकों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की। कोरबा आकांक्षी ब्लॉक 6 में से 5 संकेतकों में शत प्रतिशत उपलब्धि वहीं पोड़ी उपरोड़ा आकांक्षी ब्लॉक 6 में से 4 संकेतकों में शत प्रतिशत उपलब्धि रही। इस सफलता पर कोरबा ब्लॉक को सिल्वर मेडल एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक को कांस्य पदक प्रदान किया गया।कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कोरबा जिला, कोरबा एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉकों के प्रयासों से आकांक्षी जिला श्रेणी में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह उपलब्धि विभागीय टीमों के परिश्रम और सामूहिक समर्पण का परिणाम है। हमें सतत प्रयास कर कोरबा को आकांक्षी जिला श्रेणी से बाहर लाकर विकसित जिलों में शामिल करना है

।कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का क्षण है। एक समय आकांक्षी जिलों की सूची में कोरबा 73वें स्थान पर था, आज यह रजत पदक प्राप्त कर रहा है। यह सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के समन्वित प्रयास का प्रतिफल है।विधायक पाली तानाखर श्री तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम ने समारोह में सम्मानित हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी को आगे भी कोरबा जिले को आकांक्षी जिले की सूची से बाहर लाने के लिए विशेष प्रयास करने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। आकांक्षी ब्लॉक कोरबा एवं पोड़ी उपरोड़ा के तात्कालीन सीईओ को क्रमश: सिल्वर एवं कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।समारोह में महापौर नगर निगम कोरबा श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधन दिया एवं सम्मानित अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी।



## ई-आफिस के अन्तर्गत विभिन्न विभागों को दी जा रही प्रशिक्षण

### कलेक्टर द्वारा विभागों के लिए शेड्यूल जारी

**कोरबा ।** राज्य शासन के मंशा के अनुरूप शासकीय विभागों को ई-आफिस के माध्यम से ऑन लाईन कार्य करने के निर्देश दिए गये हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिला कार्यालयों के समस्त शाखाओं को निर्देशित किया गया है कि वे एनआईसी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर ई-आफिस में कार्य करना सुनिश्चित करें।
कलेक्टर द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 21 जुलाई से 10 सितंबर तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। एनआईसी अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शेड्यूल अनुसार 01 अगस्त से 04 अगस्त तक स्टेनो टू अपर कलेक्टर कोरबा एवं कटघोरा, 05 एवं 06 अगस्त को वरिष्ठ लिपिक, परीक्षा, पुरातत्व, 07 एवं 08 अगस्त को लायसेंस शाखा, विभागीय जांच एवं भू-अर्जन, 11 एवं 12 अगस्त को नजूल एवं भू-बंटन, 13 एवं 14 अगस्त को न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा एवं कटघोरा, 18 एवं 19 अगस्त को सांख्य लिपिक एवं शिकायत शाखा, 20 एवं 21 अगस्त को विशेष कक्ष एवं प्रपत्र शाखा, 22 से 25 अगस्त तक सूचना का अधिकार एवं व्यवहारवाद शाखा, 28 एवं 29 अगस्त को सहायक अधीक्षक, 01 एवं 02 सितंबर को आपदा शाखा, सहायक अधीक्षक, 03 एवं 04 सितंबर को सिटी मजिस्ट्रेट एवं रेंट कंट्रोल, 05 से 08 सितंबर तक राजस्व आंकिक एवं राजस्व मोहर्रिर, 09 एवं 10 सितंबर को आवक एवं जावक शाखा, लोक सेवा गारंटी शाखा को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्स में प्रवेश हेतु 31 अगस्त तक कर सकते है आवेदन

**कोरबा ।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत अध्ययन केंद्र कोरबा में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत ,बीए, बीएससी गणित व जीवविज्ञान, बीकॉम (आनर्स) बीबीए(आनर्स), बी-लिब एंड आईएससी, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित व कम्प्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइकोलॉजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा आदि कोर्स शामिल है। बीकॉम (आनर्स) व बीबीए (आनर्स) स्नातक प्रमाण पत्र कोर्स प्रथम वर्ष दो सेमेस्टर, स्नातक डिप्लोमा दो वर्ष चार सेमेस्टर, स्नातक डिग्री तीन वर्ष 6 सेमेस्टर, स्नातक आनर्स डिग्री चार वर्ष आठ सेमेस्टर, ये दोनों कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्णित निर्देशों पर सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम है। प्रवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइटमें देखी जा सकती है। साथ ही 7489701037 व 7067043721 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## आंदोलन की तैयारी में जुटा छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, अधरी कछार के कर्मचारी भवन में हुई आपात बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले 22 अगस्त को प्रस्तावित राज्यव्यापी आंदोलन की तैयारी को लेकर कर्मचारी भवन अंधरीकछार में एक आपात बैठक की गई। फेडरेशन जिला संयोजक केआर डहरिया, जगदीश खरे, तरुण सिंह राठौर, एसएन शिव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। आगामी दो अगस्त को शिक्षक सदन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में फेडरेशन के प्रांतीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में जिले के समस्त कर्मचारी-अधिकारियों व सभी संबद्ध संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। फेडरेशन के अनुसार प्रदेशभर के शासकीय सेवकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में 16 जुलाई को सांकेतिक धरना व रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। प्रमुख मांगों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा,महंगाई भत्ता, लंबित एरियर्स का भुगतान, 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण, चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान तथा कर्मचारियों व पेंशनरों के हित में केंद्र की राष्ट्रीय योजनाओं के समान प्रावधान शामिल हैं। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा सहित फेडरेशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 अगस्त तक सरकार द्वारा मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 22 अगस्त को समस्त कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। आगामी आंदोलन को व्यापक रूप देने के लिए हर जिले में प्रांतीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

## कांग्रेस कार्यालय में मनायी जाएगी तिलक की पुण्य तिथि

**कोरबा ।** जिला कांग्रेस अध्यक्षद्वय नत्थू लाल यादव एवं मनोज चौहान ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि टी पी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय कोरबा में 01 अगस्त, दिन - शुक्रवार को प्रात: 11 बजे, बाल गंगाधर तिलक का पुण्य तिथि कार्यक्रम , 02 अगस्त, दिन - शनिवार को प्रात: 11 बजे पं.रविशंकर शुक्ल एवं शहीद पं.विद्याचरण शुक्ल जी का जयंती कार्यक्रम तथा 5 अगस्त, दिन - मंगलवार को प्रात: 11 बजे शहीद महेन्द्र जी का जयंती कार्यक्रम आयोजित है । इन तीनों कार्यक्रम में कांग्रेसजनों को निर्धारित तिथि एवं समयानुसार पहुंचने आग्रह किया गया है ।

## भाकपा का 8 वां दो दिवसीय राज्य सम्मेलन संपन्न

### सर्वसम्मति से किया गया अध्यक्ष मंडल का निर्वाचन

**कोरबा।** भाकपा का 8 वां दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य सम्मेलन छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन, पुरानी बस्ती रायपुर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में पूर्व राज्य सचिव वयोवृद्ध श्रमिक नेता सीआर. बक्शी तथा आरडीसीपी राव के द्वारा झंडा रोहण किया गया। उसके पश्चात शहिद कॉमरेड़ों को याद करते हुए नारे लगाकर वेदी पर फूल अर्पित ?कर श्रद्धांजलि और उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। तत्पश्चात उद्घाटन सत्र को भाकपा की राष्ट्रीय नेत्री कामरेड एनी राजा, राज्य प्रभारी कामरेड पी संतोष कुमार राज्यसभा सांसद, सीपीएम के नेता धर्मराज महापात्रा, सीपीआईएमएल रेड स्टार के पोलित ब्यूरो मेंबर तुहिन देव, सीपीआईएमएल से नरोत्तम शर्मा, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर, एसयूसीआई कम्युनिस्ट के नेताओं द्वारा उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में फासीवादी संकट के दौर में वामपंथी एकता को मजबूत करने व देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा कर फासीवादी ताकतों को परास्त करने का आह्वान किया। राज्य सम्मेलन के विधिवत संचालन के लिया अध्यक्ष मंडल का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमे राजेश संधू, पवन कुमार वर्मा, मंजू कवासी, जितेंद्र सोरी, रामूराम मौर्य, शैलेश शुक्ला का चयन किया गया। राज्य सीपीआई के सहायक सचिव कॉ सत्यनारायण कमलेश द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन पर छत्तीसगढ़ की विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों द्वारा अपने अपने विचार रखे और सभी ने कहा कि हम सबको मिलकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को आगे बढ़ाना और मजबूत करना है। सम्मेलन में कोरबा से प्रतिनिधि के रूप में सीपीआई सचिव पवन? कुमार वर्मा, सहसचिव अनुप सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, पूर्व जिला सचिव एम एल रजक, जिला परिषद सदस्य हरि नाथ सिंह, एन के दास, एस के सिंह, सुनील सिंह, आर पी मिश्रा, आनंद सिंह कंवर, संतोषी बरेठ, विजय लक्ष्मी चौहान, मीना यादव, ताराचंद कश्यप शामिल हुए।

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए 205 प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में राज्य सचिव चयन किया गया जिसमें बस्तर संभाग से के. साजी प्रदेश सचिव के रूप में चुने गए। कुल 51 राज्य परिषद सदस्य चुने गए, जिसमें कोरबा से पवन कुमार वर्मा, एम एल रजक, हरिनाथ सिंह, विजयलक्ष्मी चौहान, सुनील सिंह चुने गए। इस बार काफी संख्या में नौजवानों को चुना गया जिसमें पार्टी संगठन और छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों में काफी हर्ष और उल्लास है। के साजी को प्रदेश सचिव बनाए जाने से पार्टी ने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पार्टी तेज गति से विस्तार करेगी?

# देश की सबसे बड़ी परिवहन व्यवस्था कों ध्वस्त करने पे तुली सरकार:गोपाल साहू

**कोरबा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने रेलवे रद्द ट्रेनों के कारण आम यात्रियों को हो रही परेशानियों पर बयान देते हुए कहा कि स्श्वष्टक्रद्वारा बिलासपुर और रायपुर ज़ोन में पिछले 3 माह में लगभग 2000 ट्रेनें रद्द करने से आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है अब जबकि रक्षाबंधन और 15 अगस्त का त्यौहार आने वाला तो पैसेंजर ट्रेने रद्द करना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है रेलवे की रद्द ट्रेनों के कारण टिकट कैंसिलेशन से रायपुर ज़ोन को मात्र 1 महीने में ही 16 करोड़ का नुकसान हुआ है वहीं मात्र रायपुर ज़ोन में हर माह 1लाख 68 हजार टिकट लोग कैंसिल कर रहें हैं रायपुर वाल्टयर लाइन में भी 4 पैसेंजर ट्रेनों को 6-15 अगस्त तक रद्द कर दिया गया है, लगता है देश की सबसे बड़ी परिवहन व्यवस्था को सरकार ध्वस्त करने पर तुली है। लोगों का भरोसा तोड़कर लोगों को महंगे सफर (फ्लाइट) के लिए मजबूर कर उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने का काम केंद्र की ह्रष्ठ सरकार कर रही है छत्तीसगढ़ में ओड़िशा के लाखों लोग रहतें हैं जो इस त्यौहार में आना जाना करते हैं, रेलवे को इस पर ध्यान देना था की भरे त्यौहार में ट्रेनों को रद्द करने से लाखों लोगों को परेशानी होगी, ये वाकई रेलवे का गैरजिम्मेदाराना निर्णय है ।सिग्नलिंग और मेन्टनेन्स के नाम पर रेलवे यात्री ट्रेनों को तो रद्द कर देता है लेकिन मालगाड़ी ट्रेनों को ना ही कभी रद्द किया जाता है और ना ही ये मालगाड़ी ट्रेने कभी विलम्ब से चलती हैं, धूप बरसात ठण्ड में यात्री ट्रेनों को घंटो किसी भी आउटर में रोक दिया जाता है वो इसलिए की मालगाड़ी ट्रेन पहले जाएगी क्योंकि मालगाड़ी में अडानी का सामान और कोयला होता है वो पहले जायेगा, क्योंकि अडानी को कहीं देरी से नुकसान ना हो जाये!जनता मरती रहे इससे ना रेलवे को फर्क पड़ता, ना रेलमंत्री को फर्क पड़ता है और ना ही प्रधानमंत्री मोदी को फर्क पड़ता है ।आंकड़ा हैरान करने वाला है की रायपुर ज़ोन में 11 हजार 733 ट्रेनें देरी से चली जो की रेलवे की जनता को हो रही परेशानियों के प्रति लापरवाही है, कभी भी रद्द ट्रेन या देरी से आती ट्रेनों पर किसी रेलवे अधिकारी जवाबदेही मानकर कोई भी कार्यवाही नहीं की जाती इसलिए अधिकारी अपनी मनमानी करतें हैं, आम जनता को हो रही परेशानी इन अधिकारियों और रेलवे को नहीं दिखती ।आम आदमी पार्टी ने हमेशा ही जनता से जुड़े मुद्दे को उठाया है और आम आदमी पार्टी रेलवे विभाग से आग्रह करती है कि आने वाले रक्षाबंधन, 15 अगस्त पर यात्री ट्रेनों को रद्द ना किया जाए और सभी ट्रेनों को समय पर चलाया जाए ताकि आम जनता को परेशानी ना हो ।

## प्रेरणा महिला मंडल ने मनाया तीज महोत्सव

**कोरबा।** डी.एस.पी.एम. कोरबा पूर्व स्थित प्रेरणा महिला मंडल द्वारा हरित तीज के पावन अवसर पर सीनियर क्लब परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी और आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सी.एच.आर. विद्युत उत्पादन कंपनी की प्रथम महिला प्रभा कटियार रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा रुबाइश्वर तथा शीर्ष महिला मंडल की अध्यक्षा शशि कोसरिया भी शामिल हुईं।प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा अलका कंसल एवं निवेदिता बंजारा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सभी महिला सदस्यों ने प्रस्तुतियों में उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती कटियार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर हरिता रानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शांति पटेल को हरिता रानी का ताज पहनाया गया, प्रथम रनर-अप सावंत गुप्ता और द्वितीय रनर-अप उशीबाला गुप्ता रहीं।

## मौसमी, प्रतिभा व सुनीता को पुरस्कार मिले द्विज परिषद के सावन उत्सव में



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ द्विज महिला परिषद का सावन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की प्रमुख संरक्षिका श्रीमती मधु पांडेय मुख्य अतिथि रही।

कार्यक्रम की सफलता में अध्यक्ष श्रीमती सावित्री शुक्ला, महासचिव श्रीमती भारती पांडे और संरक्षिका श्रीमती कल्पना पांडे का विशेष योगदान रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की उत्कृष्टता को सुनिश्चित करने में श्रीमती सीमा पांडे, माधुरी त्रिपाठी एवं स्वाति दुबे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सावन उत्सव का विशेष आकर्षण सावन सुंदरी प्रतियोगिता रही, जिसमें बहनों में उत्साह देखने को मिला।प्रतियोगिता में मौसमी तिवारी ने प्रथम, प्रतिभा तिवारी ने द्वितीय तथा सुनीता शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बहनों ने प्रकृति की तरह सजधज कर रंग-बिरंगे कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी। गीत, नृत्य और मनोरंजक खेलों के माध्यम से उत्सव का माहौल जीवंत हो गया।कार्यक्रम में सभी को उपहार, हल्दी-कुमकुम और बालों में गजरा लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उमंग, उल्लास और महिलाओं की सृजनात्मकता की अद्भुत झलक देखने को मिली

## श्यामकली को उनकी सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

**कोरबा।** कोरबा नगर पालिक निगम के जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग में कार्यरत श्रीमती श्यामकली डहरिया को निगम के रजिस्टार व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी की अगुवाई में निगम के जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों ने उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी तथा श्रीमती डहरिया की स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। निगम के जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग में कार्यरत श्रीमती श्यामकली डहरिया 28 वर्षो तक निगम में अपनी सेवाएं देने के पश्चात सेवानिवृत्त हो गई, उनके सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान निगम के रजिस्टार व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी की अगुवाई में संबंधित शाखा के अधिकारी/कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी तथा श्रीमती डहरिया द्वारा निगम को दी गई उत्कृष्ट सेवाओं को याद किया।
इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि श्रीमती डहरिया ने पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ निगम में अपनी सेवाएं दी, वे जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग में कार्यरत थी, निगम के जन्म-मृत्यु का रजिस्टार होने के नाते उन्होने मेरे अधीनस्थ कार्य किया, मैं श्रीमती डहरिया की निष्ठा एवं कार्य के प्रति लगन से भलीभांति परिचित हूँ, कार्य के प्रति उनकी निष्ठा के बदौलत ही उन्हें जनवरी माह में निगम का आफ द मंथ भी चुना गया था, जो उनकी एक बड़ी उपलब्धि रही है। इस मौके पर वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा सहित स्वच्छता विभाग एवं जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग के सभी कर्मचारियों ने श्रीमती डहरिया को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया, उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की, साथ ही स्मृतिचिन्ह भेंट किए।

## गुजराती महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव, निधि दक्षिणी बनीं सावन क्वीन

**कोरबा।** श्री गुजराती महिला मंडल ने सावन उत्सव को बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया। रंगारंग कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक उल्लास के साथ भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। उत्सव का आरंभ श्री गुजराती महिला मंडल की अध्यक्ष बिंदु मकवाना के स्वागत अभिभाषण से हुआ। इसके बाद, सह-सचिव भाविका राठौर ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने कार्यक्रम में एक पवित्र माहौल स्थापित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखने को मिलीं, जिसमें वंदना शाह का एकल नृत्य विशेष रूप से सराहा गया। सावन उत्सव के अवसर पर कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिसमें झूले आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं ने झूलों का आनंद लेते हुए सावन के पारंपरिक महत्व को जीवंत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ, प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसने उत्सव में चार चांद लगा दिए। सावन उत्सव का मुख्य आकर्षण सावन क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें निधि दक्षिणी को सावन क्वीन चुना गया। यह घोषणा कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता थी और सभी उपस्थित लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों और मेहमानों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिन के अंत में, सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान और सहभागिता के लिए पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे उनके उत्साह में और वृद्धि हुई। सफल आयोजन को संभव बनाने में उपाध्यक्ष निशा रावल, सचिव सोनल शाह, सोनिया भट्ट, प्रीति दक्षिणी, मीनल दक्षिणी, संगीता राठौर, सपना मकवाना, दीपिका टांक, हिना संघवी, शोभा पारेख, फाल्गुनी पारेख, दीप्ति शर्मा, दीपाली शर्मा, सीमा चौहान, संगीता चौहान, हंसा वाघेला, और भविता वाघेला सहित महिला मंडल की कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अशोक वाटिका की सुधरेगी व्यवस्थाएं-सुविधाओं का किया जाएगा विस्तार

### नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अशोक वाटिका पहुंच किया संपूर्ण वाटिका का निरीक्षण

**कोरबा ।** सीएसईबी चौक से स्टेडियम की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित शहर के सबसे बड़े उद्यान अशोक वाटिका की व्यवस्थाएं सुधारी जाएंगी एवं सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि अशोक वाटिका उद्यान पहुंचने वाले आमनागरिकों को सुविधाओं का सही लाभ प्राप्त हो सके। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरूभेले व निगम के अधिकारियों की टीम के साथ संपूर्ण अशोक वाटिका का निरीक्षण किया तथा वहाँ की व्यवस्थाओं को सुधारने एवं सुविधाओं को अपडेट किए जाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि अशोक वाटिका कोरबा शहर का सबसे बड़ा उद्यान है, जो लगभग 50 एकड़ के विस्तृत क्षेत्रफल में फैला हुआ है, अशोक वाटिका में भ्रमण, मनोरंजन, योगा प्राणायाम, कसरत व्यायाम की सुविधा सहित अन्य विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, उद्यान के विस्तृत पाथवे में दौड़ने, पैदल चलने, योगा प्राणायाम एवं कसरत व्यायाम आदि करने सहित भ्रमण मनोरंजन हेतु प्रतिदिन लगभग 500 से ज्यादा नागरिक वहाँ पर पहुंच सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अपने नियमित प्रात: भ्रमण के दौरान अशोक वाटिका पहुंचे, उन्होने संपूर्ण वाटिका का पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वाटिका में स्थित योगा प्लेटफार्म का मरम्मत व सुधार कार्य कर, उसे हटमेन्ट स्वरूप में निर्मित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, बरसात की वजह से उद्यान के पाथवे में काई जमा होने से फिसलन की स्थिति न बने इस हेतु संपूर्ण पाथवे की ब्लीचिंग व साफ-सफाई के निर्देश भी उन्होने अधिकारियों को दिए, पाथवे की टाईल्स कुछ स्थानों पर नीचे धंस गई है, जिसे देखते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने पाथवे में आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कराने, उद्यान में स्थित टायलेट की नियमित साफ-सफाई व टायलेट में पानी की सतत आपूर्ति बनाएं रखने, उद्यान में रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं उद्यान की अन्य व्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से दुरूस्त किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।
भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय नगर निगम की कर्मशाला पहुंचे तथा वहां का सघन रूप से निरीक्षण किया, उन्होने कर्मशाला में रखे गए विभिन्न वाहन यथा कम्पेक्ट मशीन, जे.सी.बी., डंपर प्रेशर, पानी टैंकर, ट्रक माउंटेड, हाईड्रोलिक वाहन, ट्रक ट्रैक्टर, काऊकेचर, टाटा ऐस हाईड्रोलिक टीपर, राईडिंग जेटिंग मशीन सहित अन्य विभिन्न वाहनों व मशीनरियों का सघन रूप से निरीक्षण किया एवं कर्मशाला में रखे वाहन पंजी का अवलोकन कर वाहनों के कार्य पर रवाना होने, वाहनों के उपयोग एवं उनकी वापसी आदि की जानकारी ली। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के सभी वाहन मशीनरियों में जीपीएस सिस्टम लगाने की त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए ताकि गाड़ियों वाहनों मशीनरियों के लोकेशन, उनकी रवानगी व वापसी की आनलाईन समुचित मानीटरिंग की जा सके। इस मौके पर सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरूभेले के साथ ही अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, विपिन मिश्रा, सोमनाथ डेहरे, अभय मिंज आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बीजेपी के पूर्व पार्षद का वसुंधरा उद्यान में बने कैंटीन पर पांच वर्षों से अवैध कब्जा

## लाखों का बिजली बिल,किराया पेंडिंग

**जांजगीर चांपा।** नगर पालिका जांजगीर नैला के वसुंधरा उद्यान में बने कैंटीन को पूर्व भाजपा पार्षद अमर गोड ने बिना नगर पालिका प्रस्ताव के अवैध रूप से कब्जा कर रखा। पांच वर्षों से नगर पालिका को न ही किराया दे रहा है और न ही बिजली बिल जमा किया है।

नगर पालिका के अधिकारी द्वारा काई बार नोटिस देकर कैंटीन को खाली करने व बिजली बिल जमा करने के लिए निर्देश दिया है लेकिन अभी तक कैंटीन को खाली न किया है।

नगर पालिका जांजगीर नैला मे ठेकेदारों,पार्षदों की मनमानी इस कदर बढ़ गई हैं कि अब सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने लगे है। नगर पालिका के अंतर्गत आने वाला संस्कृति भवन, तलाब, सामुदायिक भवन,कैंटीन में इनका वर्षों से अवैध कब्जा है न ही इसका किराया दे रहे है न ही किसी प्रकार का अनुमति लिए है। अपने जेब भरने के लिए नगर पालिका का राजस्व की चोरी कर अपना अवैध रूप धंधा चला रहे है।




इसकी जानकारी नगर पालिका के अधिकारी से लेकर अध्यक्ष है लेकिन किसी भी कार्रवाई करने के बजाय इन्हीं हो श्रेय दे रहे है। जिससे राजस्व की चोरी हो रही है। नगर पालिका नियमत: किसी को संचालन के इसको देती तो नगर पालिका में लाखों रुपए राजस्व आता लेकिन नगर पालिका के अध्यक्ष एवं अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं है। जिससे नगर पालिका का वर्षों से लाखों का नुकसान हो रहा है। कई बार इसकी शिकायत नगर पालिका अधिकारी से भी किया गया है लेकिन अभी तक इस मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में नगर पालिका सीएमओ का कहना है कि मै अभी अभी पद भार ग्रहण किया इसकी जानकारी ली जा रही है अवैध रूप से संचालन कर रहे लोगों को नोटिस देकर खाली कराया जायेगा। अध्यक्ष का कहना है कि बिना अनुमति के किसी को अवैध रूप से आबंटन किया जाएगा।

# पन्दरह सौ चौवन विसे, कालिन्दी के तीर, श्रावण शुक्ला सप्तमी, तुलसी धरयो सरीर -राजेश्री महन्त

### हर्सोल्लास पूर्वक मनाया गया तुलसी जयंती का पर्व शिवरीनारायण मठ में



**शिवरीनारायण।** धर्म एवं आध्यात्म की पावन धरा शिवरीनारायण मठ में पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की जयंती बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक धूमधाम के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर दूर-दूर के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से आए हुए मानस के वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज और श्री रामचरितमानस की कथा लोगों को सुनाया। महन्त रामसुन्दर महाराज, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अरुण मिश्रा एवं आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल जी की गरिमामय उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रोताओं को संबोधित करते हुए महन्त ने कहा कि पन्दरह सौ चौवन विसे,कालिन्दी के तीर। श्रावण शुक्ला सप्तमी तुलसी धरयो सरीर।। अर्थात तुलसीदास जी महाराज का जन्म संवत् 1554 में जमुना जी के किनारे श्रावण मास के शुक्ल पक्ष के सप्तमी को हुआ था। उन्होंने कहा कि तुलसी जयंती के अवसर पर हमें न केवल मानस के वक्ताओं एवं श्रोताओं को बल्कि तुलसी दास जी की ही तरह भगवान के चरित्र को जन-जन तक पहुंचने वाले पत्रकार बंधुओ को भी सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह हम सभी के लिए अत्यंत ही गौरव का विषय है।

पूर्व विधायक मिश्रा ने कहा कि -धर्म न अर्थ न काम रूचि गति न चहौ निरबान। जनम जनम रति राम पद यह बरदान न आन ।। मानस मर्मज्ञ दिनेश गोस्वामी ने कहा कि- अस्थि चर्म मय देह मम् ता ऐसी प्रीत।। *मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव ने भी लोगों को संबोधित किया और कहा कि - साहित्य जगत में तुलसीदास जी महाराज का अतुलनीय स्थान है, इसलिए साहित्यकारों ने लिखा है कि सूर -सूर तुलसी शशि, उडगन केशव दास। अब के कवि खद्योत सम, जहं-तहं करत प्रकाश।।श्रृद्धाओं को मानस मर्मज्ञ राजेंद्र शर्मा, गंगाराम केवट,भगत राम साहू, गंगाराम पटेल, बिहारी लाल भारद्वाज, सीताराम डडसेना, के के शुक्ला, सहित अनेक मानस वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय जांजगीर एवं शिवरीनारायण नगर तथा आसपास के क्षेत्रों से आए हुए पत्रकार बंधुओं तथा मानस वक्ताओं, श्रोताओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित पत्रकारों में उपेंद्र तिवारी, पवन चतुर्वेदी, राजकुमार साहू, मनोज थवाईत, मुकेश बैस, प्रशांत सिंह, हेमंत पटेल, डायमंड शुक्ला, राजेश छत्री, कुणाल गुप्ता, विनोद केसरवानी, मुकेश तिवारी, सीताराम राठौर, दुर्गेश साहू, सुरेश साहू, संतोष अग्रवाल, मनमोहन सिंह कंवर, विजय भूषण सोनी, देवांगन जी के नाम उल्लेखनीय हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्तियार सुखराम दास जी, त्यागी जी महाराज, पुरेंद्र सोनी सहित मठ मंदिर प्रशासन के अनेक अधिकारियों कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया। संचालन राधेलाल जायसवाल ने किया।


# एक राखी सैनिक भाई के नाम गाइड्स-रेंजर्स ने तैयार कीं 3 हजार

जांजगीर-चांपा। रक्षाबंधन पर्व पर सैनिकों के प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना को साकार करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा 卐एक राखी सैनिक भाई के नाम卐 अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में संचालित है। जिले में यह कार्य जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है।

जिला आयुक्त ए. के. भारद्वाज द्वारा जिले की सभी गाइड्स, रेंजर्स, स्काउट्स एवं रोवर्स यूनिट्स को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु निर्देशित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी अभियान को सराहा गया। जिले की छात्राओं द्वारा बनाई गईं 3000 राखियां 1 अगस्त को राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव को सौंपी जाएंगी, जिनके माध्यम से इन्हें सेना मुख्यालय नई दिल्ली भेजा जाएगा, ताकि रक्षाबंधन के दिन देश के वीर सपूतों की कलाइयां भी बहनों के प्रेम से सजी रहें। डाक निरीक्षक (सबडिविजन) निखिल गोपाल की पहल पर पोस्ट मास्टर जोगिंदर धृतलहरे द्वारा गाइड्स को राखियों की डाकिंग हेतु 100 विशेष लिफाफे प्रदान किए गए। डाक अधीक्षक पंचराम खूंटे, पोस्टल असिस्टेंट धीरेंद्र राठौर, समीर गोस्वामी,नीतीश फिलिप एवं अमित कौशिक ने भी अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। अभियान के अंतर्गत गाइड एवं रेंजर छात्राओं को राखी निर्माण के साथ साथ समूह चित्र व वीडियो बनाकर समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर साझा करने के निर्देश दिए गए। डीटीसी गाइड डॉ. धनमत महंत, डीओसी गाइड कु. श्वेता जायसवाल तथा वरिष्ठ गाइडर्स श्रीमती जयंती दुबे, श्रीमती अरुणा व्यास मिरी, श्रीमती गौरी साहू, श्रीमती दुर्गेश नंदनी राठौर, श्रीमती नंदनी यादव, श्रीमती देवकी वैष्णव, श्रीमती प्रतिभा यादव, श्रीमती बेबी ख्याति सोनी, श्रीमती पायल पाटले, काजल पाटले, ममता बिंझवारइन्हीं के संयोजन व मार्गदर्शन में यह निर्माण कार्य संपन्न हुआ। पतंजलि महिला योग समिति की पार्षद श्रीमती मनीषा गोपाल एवं पार्षद श्रीमती प्रीति यादव एवं ने भी अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। राखियाँ भेजने वाले प्रमुख विद्यालयों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा, खोखरा, तिलई, किरीत, सेमरा, सरवानी, करमंदा, कोसमंदा, लछनपुर, सुकली, आर. के. सिंह उमावि अकलतरा, शा. उमावि अमोरा, विवेकानंद उमावि बलौदा, पुमाशा अंगारखार, देवकिरारी, अमरताल, आमनारा, हरदी, प्राथमिक शाला शनिचराडीह, डीडीएस विर्रा, उमड़ी बिर्राधूरकोट, भडसर, सलखन, नैला, सिवनी नैला, महंत, खरोद, चोरभट्टी और लायंस चांपा से राखियां प्राप्त हुई।

# इंदिरा गांधी कॉलेज में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद की जयंती

**राहौद।** राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय) के एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविका के द्वारा महाविद्यालय में गुरुवार 31 जुलाई को मुंशी प्रेमचंद की जयंती बड़े धूमधाम हर्ष और उल्लास के साथ मचाया गया। इस कार्यक्रम मे स्वयंसेवक एवं सेविका द्वारा पोस्टर तैयार करना, मुंशी प्रेमचंद के जीवनी के बारे में स्पीच, प्रोजेक्टर द्वारा उनके जीवन के बारे में बताना, इन सभी गतिविधियों को आज मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर स्वयंसेवक एवं सेविका द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप एवं प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा, विशिष्ट अतिथि सुष्मिता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप सहायक कार्यक्रम अधिकारी तेनुजा साहू तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एवं कश्यप, सहायक प्राध्यापक जी.पी. कौशिक, श्याम साहू संभाल अनुरु कश्यप एरु प्रदीप वर्मा, अनिल कश्यप के अपना सहयोग प्रदान किया। वहीं सभी एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविका ने अपने सहभागिता निभाई देवेंद्र प्रवीण अर्चना भारती, नागेश संजय, तरुण सुनील, सुष्मिता, रामकुमारी राम कुमारी अर्चना, ज्योति, अजर अंजना कुलदीप कल्याणी विशेष योगदान रहा।



## खाद के स्टॉक में मिली गड़बड़ी, 21 दिन तक बिक्री पर लगी रोक

**सक्ती ।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन पर जिले के किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद, बीज व कीटनाशक उपलब्ध कराने तथा जिले में नकली खाद निर्माण, खाद की कालाबाजारी व अधिक कीमत पर विक्रय करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए कृषि विभाग अंतर्गत कार्यरत जिला स्तरीय टीम व विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक तरूण कुमार प्रधान के मार्गदर्शन पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी सक्ती कृतराज एवं उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड सक्ती के द्वारा मेसर्स नमन कृषि केन्द्र सक्ती का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में भिन्नता पाए जाने के कारण उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कार्रवाई करते हुए मेसर्स नमन कृषि केन्द्र में उपलब्ध खाद को 21 दिवस के लिए विक्रय प्रतिबंध करते हुवे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर के निर्देशन में कृषि विभाग के उप संचालक तरूण कुमार प्रधान द्वारा किसानों को खरीफ फसल के लिए उचित मूल्य पर खाद तथा उच्च गुणवत्तायुक्त खाद, बीज व कीटनाशक मिल सके, इसके लिए विकासखंडों में कार्यरत उर्वरक निरीक्षक, बीज निरीक्षक, कीटनाशी निरीक्षकों को सतत् निजी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने कहा गया है।

# रुद्राभिषेक करने से सुख, शांति और समृद्धि की होती है प्राप्ति

**अकलतरा।** ग्राम कटनई के पहाड़ी पर स्थित श्री सिद्ध देव पहरिया पाठ एवं मां भगवती दुर्गा मंदिर में नाग पंचमी के अवसर पर रूद्राभिषेक, बारह पार्थिव शिवलिंग व नाग नागिन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्तो द्वारा मिट्टी के बनाये गए पार्थिव शिवलिंग पर गंगा जल, दूध, दही , मधुरस, धी, बेलपत्र, चंदन, गुलाल, अबीर, नारियल, धतूरा, फल, फूल, दूवी इत्यादि चढ़ाकर वैदिक मंत्रोंउच्चारण के साथ विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक किया गया। मुख्य यजमान उर्मेंद राम साहू, संपत कश्यप, अमरनाथ निर्मलकर, कोमल कश्यप, सरिता कश्यप, नरेन्द्र कुमार, दंपती जोड़े के साथ शामिल हुए।



आचार्य विकास पांडेय एवं परस राम महराज द्वारा मंत्रोचार किया गया। रूद्राभिषेक के बाद हवन यज्ञ एवं शिव जी की आरती की गई। आचार्य विकास पांडेय ने बताया कि श्रावण के पवित्र माह में शिवलिंग पूजा अर्चना एवं अभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं साथ ही भक्तों को सुख शान्ति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। सिद्ध देव पहरिया पाठ समिति के चंद्रिका कुमार कश्यप ने कहा कि चार वर्षो से लगातार नागपंचमी के दिन इस पवित्र स्थल पर शिव रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। पूजा के बाद भक्तो को प्रसाद बाटा गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा पूजन मे शामिल होने वाले भक्तो के लिए जलपान एवं भंडारे का व्यवस्था की गई थी। शिव रूद्राभिषेक के अवसर पर चंद्रिका कुमार कश्यप, नरेश राम कश्यप, दीपक कुमार साहू, अनंदराम, फिरोज कश्यप, खोजराम साहू, खेमन कश्यप, बालकुसुम कंवर, आयुष, प्रेमलाल, चित्रकूट जोगेंद्र, रमैया, कार्तिक राम, धनुमान कश्यप साहू, धीरविजय सहित श्री सिद्ध देव पहरियां पाठ समिति, महिला समिति, शास. उच्चतर विद्यालय कटनई के विद्यार्थी एवं शिक्षक, शिक्षिका पंच, सरपंच, ग्रामवासी कटनाई एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# जल आवर्धन योजना के काम की जांच में मिली खामियां, अफसर ने लगाई फटकार

**सक्ती।** सक्ती नगर में चल रहे जल आवर्धन योजना के कार्य की जांच करने गुरूवार को टीम पहुंची। जांच के दौरान काम में कई तरह की खामियां मिली। इस पर अफसर ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए।

नगर में पेयजल सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से शुरू की गई जल आवर्धन योजना के काम में गुणवत्ता की कमी और लापरवाही को लेकर कलेक्टर तक शिकायत पहुंची थी। भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव समेत अन्य लोगों ने भी शिकायत की थी। शिकायत के बाद गुरूवार 31 जुलाई को जल आवर्धन योजना के कार्यों की स्थिति का जायजा लेने अफसर पहुंचे। जांच टीम ने निरीक्षण किया। जांच दल में अपर कलेक्टर के. एस. पैकरा, पीएस एचई (मंडला) से अधिकारी, एसडीओ पवन अग्रवाल शामिल रहे। टीम ने नगर के वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए तथा कार्य को इस प्रकार करने कहा कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान मिरौनी बैराज, महानदी प्लांट एवं टेमर में स्थापित जल संयंत्रों का भी दौरा किया गया। अधिकारियों ने संयंत्रों की स्थिति, जल आपूर्ति की व्यवस्था एवं तकनीकी संचालन की गहन समीक्षा की। इस दौरान नगर पालिका इंजीनियर नायक, ठेकेदार प्रतिनिधि अंसारी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष नरेश यादव, मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, एवं जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र भी उपस्थित रहे।

# लावारिस हालत में मिली कार को मध्यप्रदेश पुलिस को सौंपा गया

**पामगढ़।** लावारिश हालात में मिली कार को मध्यप्रदेश पुलिस के सुपर्द किया गया। भोपाल से इंदौर जाने के लिए 3 अज्ञात युवकों के द्वारा कार की बुकिंग कराई गई थी - और चालक से मारपीट कर 1 हजार रुपए व 1 मोबाइल को लूटकर कार को पामगढ़ में लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ जिला देवास मध्यप्रदेश में लूट का मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार पामगढ़ पुलिस को 30 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड 11 इंदिरा नगर पामगढ़ में स्वीष्ट डिजायर कार सफेद रंग का लावारिस हालत में खड़ी है जिसमें नंबर प्लेट भी नहीं है। थाना पामगढ पुलिस एवं सायबर सेल टीम जांजगीर के संयुक्त टीम मिलकर लावारिस कार की पतासाजी करने पर पता चला कि उक्त स्वीप्ट कार को भोपाल से इंदौर जाने के लिए 3 अज्ञात युवकों के द्वारा बुकिंग कराई गई थी। जिसे 27 जुलाई रात में चालक के द्वारा तीनों युवकों संयुक्त को भोपाल से इंदौर के लिए निकले थे मगर रास्ते में तीनों के द्वारा थाना सोनकच्छ जिला देवास मध्यप्रदेश में चालक को चाकू से मारपीट कर चालक से 1 हजार रुपए एवं 1 मोबाइल को लूट कर भाग गए। जिनके खिलाफ थाना सोनकच्छ जिला देवास मध्यप्रदेश में धारा 309 (6), 351 (3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जो थाना सोनकच्छ पुलिस को उक्त कार को सुपुर्द किया गया है। मामले में पुलिस तीनों आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है।



## जिले में घुमंतू पशुओं को लगाया जा रहा रिफ्लेक्टिव बेल्ट और टैग

**जांजगीर-चांपा।** उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. ए. एल. सिंह ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में घुमन्तु पशुओं की सुरक्षा के तारतम्य मे जिले के सभी प्रमुख राजमार्गो मे विभाग द्वारा रेडियम रिफ्लेक्टीव बेल्ट लगाकर टैगिंग किया जा रहा है, जिससे सड़कों पर इनके बैठने या आने से रात में वाहन चालको को दूर से पशुओं के होने का आभास हो सके तथा पशुओं व आम नागरिकों को दुर्घटना की संभावनाओं से बचाया जा सके।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 में जनभागीदारी से बनेगी जिले की रैंकिंग

**जांजगीर-चांपा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का आयोजन भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर का सर्वेक्षण 25 जून से 14 अगस्त 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वच्छता व्यवस्था का आकलन कर उन्हें रैंकिंग देना है। जिले और राज्य की रैंकिंग इसी के आधार पर तय की जाएगी। ग्राम पंचायतों में ग्रामीण एसएसजी 2025 मोबाइल ऐप के माध्यम से दे सकते हैं अपना फीडबैक दे सकते है।

सर्वेक्षण का कार्य भारत सरकार द्वारा चयनित स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण की सफलता जनभागीदारी पर निर्भर है, इसलिए राज्य सरकार द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

1333/राजस्व शाखा/नामां.सू./न.पा.प./2025 जांजगीर-नैला,दिनांक 30.07.25

### भवन नामांतरण सूचना

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत इस कार्यालय के मांग पंजी अनुसार भवन नामांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं।

अतः सूची में दर्ज भवन नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/दावेददार अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक 30.07.25 से 28.08.25 तक (30 दिवस) के भीतर अपना दावा आपत्ति नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरिणी का नाम/पिता/पति का नाम व पता (क्रेता) | हस्तांतरण का स्वरूप | हस्तांतरिणी का नाम/पिता/पति का नाम व पता (विक्रेता) | वार्ड क्र. | भूमि/भवन का खसरा/रकबा | भवन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रीमती सत्यवती जोशी/जगत जोशी | बिक्रीनामा | श्रीमती रेखा राठौर/विजय राठौर | 18 | खसरा नं.4125/6 रकबा 0.0060 | भवन |
| 2 | श्री बादू राम प्रधान/गिरधारी प्रधान | वंशानुगत | श्री कुशवा सूर्यवंशी/ बुटंगा सूर्यवंशी | 5 | आबादी | भवन |
| 3 | श्री सुरेन्द्र कश्यप/दादूराम कश्यप | बिक्रीनामा | श्री उदय भान सिंह/अयोध्या सिंह | 21 | खसरा नं. 2663/8 रकबा 0.0014 | भवन |
| 4 | श्रीमती कमला साहू/सुरेश चन्द्र साहू | बिक्रीनामा | श्री सुनील चन्द्र/ कृष्णदत्त साहू | 18 | खसरा नं. 4187/7 रकबा 0.05 | भवन |
| 5 | श्री राधे लाल कंवर/ बैगा राम | वंशानुगत | श्रीमती फुलेश्वरी कंवर/बैगा राम कंवर | 23 | खसरा नं. 2442/2 रकबा 0.0280 | भवन |
| 6 | श्री ओम साहू/रामेश्वर साहू | बिक्रीनामा | श्री रामेश्वर प्रसाद साहू/ दशरथ लाल साहू | 25 | खसरा नं. 2232/4 रकबा 0.0230 | भवन |
| 7 | श्रीमती देवकुमारी राठौर/ दिलहरण राठौर | बिक्रीनामा | श्री विद्या भूषण / कन्हैया मिश्रा | 11 | आबादी | भवन |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 2 हेतु दिनांक 12.08.2025 एवं सरल क्र.3 से 7 हेतु दिनांक 18.08.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 199 | जिला खनिज न्यास मद में स्वीकृत जिला खेल परिसर बिलासपुर में wooden flooring एवं Articstic Paint कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र.-2 बिलासपुर। मद संख्या-8443 | 22.31 |
| 2 | 200 | उपसंभाग जांजगीर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में साधारण मरम्मत कार्य। द्वितीय आमंत्रण। चांपा संभाग, चांपा। मद संख्या-24-3054-0134 | 20.00 |
| 3 | 201 | लोक निर्माण विभाग हाईकोर्ट उपसंभाग क्र.-1 उपसंभाग कोटा, क्र.-3 बिलासपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों (स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभाग में एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू एवं वाटर प्रुफिंग का कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र-2 बिलासपुर मद संख्या - 67-2059-6519 | 60.00 |
| 4 | 202 | लोक निर्माण विभाग हाईकोर्ट उपसंभाग क्र.-2 बिलासपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों (माननीय उच्च न्यायालय आवासीय परिसर बोदरी के सेक्टर-1) में विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कर्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-2 बिलासपुर। मद संख्या-67-2216-2450 | 100.00 |
| 5 | 203 | लोक निर्माण विभाग हाईकोर्ट उपसंभाग क्र.-2 बिलासपुर के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों (माननीय उच्च न्यायालय स्थित अन्य महत्वपूर्ण भवनों) में विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.2 बिलासपुर। मद संख्या 67-2059-2449 | 100.00 |
| 6 | 204 | जिला कोरबा के वि.ख. कोरबा में स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टर भवन का निर्माण कार्य एवं रेनोवेशन कार्य। प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा। मद संख्या- 8443 (जमा कार्य) | 19.50 |
| 7 | 205 | नवीन महाविद्यालय भवन पाली जिला कोरबा में कान्फ्रेंस हॉल का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा। मद संख्या-8443(जमा कार्य) | 110.80 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-252602509/6

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कोरबा

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -12

(प्रथम बार)

क्रमांक/3118/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2025 कोरबा,दिनांक 30.07.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में 'द' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021 को मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (offline) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 14.08.2025 समय 17.30 बजे तक ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सं.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | शासकीय पशु औषधालय पोड़ी में नवीन भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड पाली | 11.22 | 8415.00 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते,धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 30.07.2025 समय 15.30 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

(ए.के.जोगी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

जी-252602492/2

## अनमोल वचन......

**अभी तो असली बाकी है परिंदे का इम्तिहान बाकी है,
अभी तो लंबा है समुद्र,अभी तो पूरा आकाश बाकी है!**

## यौन गतिविधियों का पूर्ण अपराधीकरण को चुनौती

*न्याय मित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाने के लिए वैधानिक उम्र 18 वर्ष से घटा कर 16 वर्ष करने की शीर्ष अदालत से सिफारिश की है। चर्चित 'निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ' मामले में सुप्रीम कोर्ट की सहायता करने वाली न्यायमित्र इंदिरा जयसिंह ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), 2012 और आईपीसी की धारा 375 के तहत 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोर एवं किशोरियों से जुड़ी यौन गतिविधियों का पूर्ण अपराधीकरण करने को चुनौती देते हुए अपनी लिखित प्रस्तुतियां दी हैं। दलील दी है कि वर्तमान कानून किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए प्रेम संबंधों को अपराध मानता है, और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। अपनी स्थापना के पक्ष में उन्होंने जोरदार तर्क रखा है कि कानूनी ढांचा किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों को गलत तरीके से दुर्व्यवहार के बराबर मानता है तथा उनकी स्वायत्तता, परिपक्वता और सहमति देने की क्षमता को अनदेखा करता है। सहमति की आयु 16 से बढ़ा कर 18 वर्ष करने को उचित ठहराने के लिए कोई तर्कसंगत कारण या अकाटय़ आंकड़ा भी नहीं है। इसके अलावा, यह भी ध्यान दिलाया है कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा आयु बढ़ाए जाने से पहले 70 वर्षो से अधिक समय तक आयु सीमा 16 वर्ष (शारीरिक संबंध बनाने के लिए सहमति की) ही रही थी। यह भी ध्यान दिलाया है कि आयु बिना किसी बहस के बढ़ा दी गई और ऐसा करते समय वर्मा समिति की सिफारिश की भी अनदेखी की गई। बेशक, यह सामयिक मुद्दा है, और इसे मौजूदा परिप्रेक्ष्य में ही देखा जाना चाहिए।आजकल किशोर समय से पहले ही यौवन प्राप्त कर लेते हैं, और अपनी पसंद के रोमांटिक और यौन संबंध बनाने में सक्षम होते हैं। फिर, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सव्रेक्षण के निष्कषरे के साथ ही वैज्ञानिक एवं सामाजिक आंकड़ों को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए जो बताते हैं कि किशोरों में यौन रुझान असामान्य नहीं हैं। आयु संबंधी मौजूदा व्यवस्था किशोरों की सामान्य चेष्टाओं और रुझानों का अपराधीकरण करती है। यह आंकड़ा भी हतप्रभ करने वाला है कि 2017-21 के बीच 16-18 आयु वर्ग के नाबालिगों पर पॉक्सो कानून के तहत अभियोजन में 180 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो अन्यायपूर्ण प्रतीत होता है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले मे आप नये लोगो से मिलेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सीनियर लोग आपके कार्यो की तारीफ करेंगे। आज आपके बच्चे आपको कोई गुड न्यूज दे सकते हैं, जिससे आप उनपर गर्व महसूस करेंगे। आज घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दोस्तों के साथ समय बितायेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। बिजनेस में बड़ी डील फाइनल होने के कारण आज घर पर पार्टी करेंगे। घरेलू कार्यों परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में आज आपका मन लगा रहेगा। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते है। आपके जुनियर आपसे काम सीखना पसन्द करेंगे। लवमेट के रिश्ते में चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। पहले किये गए किसी सामाजिक कार्य के लिए आज आपको सम्मानित किया जायेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। परिवार वालों के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। आज आप कोई नया व्यापार शुरु करने का मन बनायेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके मन में नए नए विचार आयेंगे। आज आप किसी नए व्यापार की योजना भी बनाएंगे। पारिवारिक कार्यों को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ बनाया हुआ ट्रीप का प्लान आज कैन्सिल हो सकता है। संगीत तथा कला में रुझान रखने वाले लोगों को आज किसी अच्छे प्लाफोर्म पर काम करने का ऑफर आएगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। आज दाम्पत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा। राजीनीति में सक्रीय लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लेखन कार्य कर रहे लोगों के किसी लेख की तारीफ होगी। आज आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि होगी।

**कन्या राशिः** आज आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो समय रहते पूरा हो जाएगा। फर्नीचर खरीदना चाहते हैं तो आपके लिए आज का दिन शुभ है। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी। आज बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नयी योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा।

**तुला राशिः** आज पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के ऑर्किटेक के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा। अगर कोई नयी गाड़ी खरीदना चाह रहें है तो आज ले लीजिए।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। आज आप अपने स्वभाव में परिवर्तन लायेंगे, इससे परिवार वाले प्रसन्न होंगे। आज इलेक्ट्रानिक सामान खरीदने का प्लान बना सकते हैं। आज आप घर पर किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज के दिन कोई करीबी आपकी खुशियों को दोगना कर देगा। कार्यक्षेत्र में बढोतरी के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन बिजनेस के लिए फायदेमंद होगा। दाम्पत्य रिश्ता आज मधुरता से भरपूर रहेगा। आज आप किसी दोस्तों के साथ कोई बिज़नस शुरू करने का प्लान बना सकते हैं। लक्ष्मी के रुप में नए मेहमान के आने की खुशी में घर में पार्टी करेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर होगा, जहां से अप-एण्ड-डाउन करने में आपको आसानी होगी। जीवनसाथी से निजी समस्यायों को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा।

**कुम्भ राशिः** आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। इस राशि के लोगों को आज कानूनी मामलों से बचने की जरूरत है। ऑफिस में सहकर्मियों की मदद से काम जल्द खत्म होगा। शाम को जीवनसाथी के सहयोग से आप कोई घर का काम पूरा करने में सफल होंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज आपको व्यापार में अचानक धनलाभ का अवसर प्राप्त होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा। आपके मन मे व्यापार को लेकर नए-नए विचार आएंगे। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से होगी, जिनसे आप बचपन की यादें शेयर करेंगे।

# आत्मनिर्भरता बढ़ाने विकास योजनाबद्ध जरूरी

//भारत डोगरा//

**विश्व अर्थव्यवस्था और व्यापार में कई स्तरों पर बढ़ते अनिश्चय के बीच एक बार फिर नये सिरे से विभिन्न देशों ने आत्मनिर्भरता के महत्त्व को पहचाना है। आत्मनिर्भरता का अर्थ यह नहीं है कि कोई देश अपनी सभी जरूरतों को अपने स्थानीय उत्पादन से ही पूरा करे। ऐसी परिभाषा आधुनिक समय में तो क्या बहुत पहले भी संभव नहीं थी। आत्मनिर्भरता का अर्थ यह है कि यथासंभव अपनी अधिक महत्त्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए देश स्थानीय उत्पादन और तकनीकी क्षमता का विकास करें तथा अन्य जरूरतों की आपूर्ति के लिए अपेक्षाकृत अधिक विसनीय स्रेत सुनिश्चित करें। कोई देश आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ता है और इसे अधिक महत्तव देता है तो भी उसके लिए विदेशी व्यापार का महत्त्व भी अनेक संदभरे में बना रहेगा।**

भूमंडलीकरण के दौर में राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता के उद्देश्य को कम महत्त्व दिया गया। यह कहा गया कि नये बदलावों के दौर में इसकी प्रासंगिकता नहीं रह गई है। यह सोच अनेक वर्षो तक हावी रही पर अब हाल की विश्व स्तर की उथल-पुथल के बीच यह मान्यता फिर बन रही है कि जो देश आत्मनिर्भरता को अधिक महत्त्व देते हैं, वे ही अपने लोगों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में अधिक सक्षम हैं और उनकी अर्थव्यवस्था अधिक सुरक्षित और मजबूत है।

आजादी के बाद हमारे देश में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को समुचित महत्त्व दिया गया। इसके लिए अनेक पूंजी और भारी उद्योगों की स्थापना की गई और जहां भी जरूरत हो इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र में उपक्रमों की स्थापना की गई। विज्ञान एवं तकनीकी के विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के संस्थान स्थापित किए गए जिनमें अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण संस्थान भी थे। दवा उद्योग जैसे महत्त्वपूर्ण उद्योगों के विकास पर समुचित ध्यान किया गया। पंचवर्षीय योजनाएं बनाई गई ताकि ऐसे विभिन्न महत्त्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए अधिक योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाए और विभिन्न महत्त्वपूर्ण लक्ष्यों के बीच में आपसी तालमेल बनाया जा सके।

एक बड़ी चुनौती खाद्यान्न और कृषि क्षेत्र में थी। यहां भारत ने कुछ उपलब्धियां प्राप्त कीं तो कुछ बड़ी गलतियां भी कीं। इसका परिणाम यह हुआ कि चाहे मुख्य अनाजों गेहूं तथा चावल में भारत आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सका पर इसके लिए रासायनिक खाद, कीटनाशक और अन्य दवाओं तथा इनसे जुड़ी ऐसी महंगी तकनीकों पर निर्भर हो गया जो मिट्टी तथा पानी के बुनियादी संसाधन आधार को भी क्षतिग्रस्त करती थीं और किसानों का खर्च भी तेजी से बढ़ाती थीं। इनता ही नहीं, दालों, खाद्य तेलों आदि के आयात पर भारत की निर्भरता बढ़ने लगी।

हाल के समय में जीएम फसलों और इनसे जुड़ी ऐसी तकनीकों के प्रसार के लिए भी निहित स्वाथरे ने बहुत जोर लगाया है जिनसे हमारा देश विश्व की कुछ बड़ी शोषक बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर अधिक आश्रित हो जाएगा। दूसरी ओर, अच्छी खबर यह है कि विभिन्न देशों में बहुत से किसान ऐसे सफल प्रयास कर रहे हैं जिनसे रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाओं आदि पर निर्भरता कम होती है और परंपरागत, देशीय बीजों की रक्षा करने और उन्हें एकत्र करने की अधिक महत्त्व दिया जाता है। ये प्रयास पर्यावरण की रक्षा के भी अनुकूल हैं।

आज विश्व में जिस तरह की उथल-पुथल और मनमानी के निर्णय अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में देखे जा रहे हैं, उनसे तो यह और भी स्पष्ट हो गया है कि आत्मनिर्भरता की नीतियां ही भारत जैसे महत्त्वपूर्ण विकासशील देशों के लिए सबसे उचित हैं। इसके साथ टिकाऊ विकास, पर्यावरण रक्षा के अनुकूल विकास और समावेशी विकास को अधिक महत्त्व देना चाहिए जिससे सबसे कमजोर वगरे की जरूरतें पूरी करने पर अधिक ध्यान किया जा सके।आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विकास को योजनाबद्ध करना भी जरूरी है। इस दृष्टि से देखें तो जिस तरह भारत में योजना आयोग और पंचवर्षीय योजनाओं को जल्दबाजी में समाप्त कर दिया गया, वह उचित नहीं है। इस बारे में हमें नये सिरे से विचार करना चाहिए कि विकास की राह को योजनाबद्ध कैसे किया जाए। इससे विभिन्न उद्देश्यों में तालमेल बेहतर ढंग से हो सकता है, और आत्मनिर्भरता के विभिन्न उद्देश्य बेहतर ढंग से प्राप्त हो सकते हैं।

अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार किस राह पर आने चाहिए, इस संबंधी विमर्श बहुत हद तक धनी-पश्चिमी देशों और वहां के जाने-माने संस्थानों और अर्थशास्त्रियों से प्रभावित होता रहा है पर इसके परिणाम अधिक सुखद नहीं रहे हैं। समय आ गया है कि भारत जैसे प्रमुख विकासशील देश विकास और अर्थनीति संबंधी अपनी स्वतंत्र राह को अधिक महत्त्व दें। इस तरह हम विश्व स्तर पर भी ऐसी मौलिक सोच दे सकेंगे जो विशेषकर विकासशील देशों के लिए बहुत लाभदायक होगी। इस संदर्भ में महात्मा गांधी के विचारों पर नये सिरे से आज के संदर्भ में ध्यान देना जरूरी है। कुछ महत्तपूर्ण संदभरे में उनकी सोच आज भी बहुत प्रासंगिक है। इस सोच का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि ग्रामीण विकास को अधिक महत्त्व दिया जाए और ग्रामीण विकास में भी आत्मनिर्भरता को अधिक महत्त्व दिया जाए। जहां इस सोच के आधार पर महत्त्वपूर्ण कार्य हुआ है, वहां किसानों का खर्च कम करते हुए भी कृषि उत्पादकता को पहले जितना बनाए रखना संभव हुआ है, और कहीं-कहीं तो इसे बढ़ावा भी दिया जा सका है।

जहां पर किसान महंगे रासायनिक खाद और कीटनाशक छोड़कर स्थानीय संसाधनों गोबर, गोमूत्र, पत्तियों आदि पर आधारित खाद और हानिकारक जंतुओं को दूर रखने की दवाओं को अपना रहे हैं, वहां उनके उत्पादों अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जी, फल आदि की गुणवत्ता भी सुधर रही है और स्वास्थ्य लाभ भी हो रहा है। इसी सुधार में अगला कदम यह है कि खाद्यों की प्रोसेसिंग गांव के स्तर पर ही अधिकतम की जाए। यदि तिलहन से तेल गांव स्तर पर प्राप्त किया जाए तो शुद्ध तेल भी मिलता है, और पशुओं के लिए खली भी मिल जाती है। गांव में रोजगार सृजन होता है, और बेहतर आय किसान को मिलती है। इसी तरह घी और मक्खन जैसे उत्पाद गांव के स्तर पर ही बनें तो छाछ और लस्सी के रूप में पोषण भी मिलता है, और आय भी बढ़ती है। दलहन, धान, गेंहू, मोटे अनाजों, फल, सब्जी सभी की बेहतर प्रोसेसिंग गांव और कस्बे के स्तर पर हो तो ये लाभ और बढ़ सकते हैं।यह सब महात्मा गांधी की गांवों की आत्मनिर्भरता की सोच के अनुरूप ही है पर साथ में यह सोच इससे भी आगे जाती है। खादी की सोच हमें बताती है कि बड़ी मशीनों और नई तकनीकों के आगमन का अर्थ यह नहीं है कि अब हर जगह इन्हें ही छा जाना है। हमें अपनी स्थिति के अनुसार, रोजगार की संभावना को बढ़ाने को भी ध्यान में रखना है, परंपरागत हुनर और कौशल की रक्षा को भी ध्यान में रखना है, और साथ में आज की वास्तविकता और व्यवहारिकता को भी ध्यान में रखना है तथा इन सभी को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने हैं। इन सभी को ध्यान में रखेंगे तो हैंडलूम और खादी जैसे क्षेत्रों के साथ सौर ऊर्जा जैसे नये क्षेत्रों में भी हम महत्त्वपूर्ण मौलिक योगदान विश्व स्तर पर दे सकते हैं। विश्व में आर्थिक बहस पश्चिमी और प्रचलित अवधारणाओं पर चल रही है, पर हम अपनी मौलिक सोच अपनी स्थितियों और जरूरतों के अनुरूप आपसी विमर्श और अध्ययन से बनाएं तो यह हमारे लिए भी उपयोगी होगा और इससे अन्य विकासशील देशों को भी बेहतर सोच मिलेगी।

# धार्मिक आस्था का उफान भीड़ प्रबंधन पर पड़ता भारी

//जयसिंह रावत//

**हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई को जो कुछ हुआ, वह किसी अप्रत्याशित घटना की तरह नहीं था। यह हादसा एक बार फिर से उस सच्चाई को सामने लाता है कि धार्मिक आस्था का उफान जब प्रशासनिक विवेक, स्थान की क्षमता और वैज्ञानिक भीड़ प्रबंधन पर भारी पड़ता है, तो आस्था का यह सैलाब त्रासदी में बदल सकता है। उस दिन मंदिर के मुख्य मार्ग की सीढ़ियों पर अचानक भगदड़ मच गई। कहा गया कि किसी ने यह अफवाह फैला दी कि रेलिंग में करंट दौड़ रहा है। नतीजा यह हुआ कि 8 श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई और लगभग 30 श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना हमें बताती है कि हम आज भी उन्हीं भूलों को दोहरा रहे हैं जिनका इतिहास दशकों पुराना है।**

मनसा देवी मंदिर पहाड़ी पर स्थित एक अत्यधिक लोकप्रिय शक्तिपीठ है, जहां सावन और नवरात्र जैसे पर्वो पर श्रद्धालुओं की भीड़ कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन इस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जो व्यवस्था होनी चाहिए, वह अक्सर उतनी ही कमजोर साबित होती है जितनी कि श्रद्धा प्रबल। यह पहली बार नहीं है जब हरिद्वार में ऐसा हुआ हो। इससे पहले 1986 के कुंभ मेले की भगदड़ में लगभग 200 लोगों की मृत्यु हुई थी। 2011 में हर की पैड़ी पर भी एक भगदड़ में 20 लोग मारे गए थे। इसी प्रकार 8 नवम्बर 2011 को ही शांतिकुंज के एक कार्यक्रम में भी भगदड़ में 20 श्रद्धालुओं की मौत और 30 घायल हो गए थे। इन हादसों का पैटर्न लगभग एक जैसा रहा है, अत्यधिक भीड़, संकरे रास्ते, अफवाहें और प्रशासनिक लापरवाही।

भगदड़ हादसों के मामले में हरिद्वार अकेला नहीं है। देश के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी इसी तरह की घटनाएं बार-बार होती रही हैं। 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक स्वयंभू बाबा के सत्संग में भगदड़ मची, जिसमें 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी। 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में भी नववर्ष के मौके पर भगदड़ मचने से 12 श्रद्धालुओं की जान गई। 2008 में हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मंदिर में चट्टान खिसकने की अफवाह से भगदड़ मची थी जिसमें 162 लोग मारे गए थे। 2023 में रामनवमी के अवसर पर वहीं एक और भगदड़ हुई, जिसमें 36 श्रद्धालु मरे। इसी महीने मध्य प्रदेश के बागेर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान टेंट गिरने और दीवार ढहने से दो लोगों की मौत हुई। ये आंकड़े महज संख्याएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत असफलताओं के प्रमाण हैं। प्रश्न यह है कि आखिर ये घटनाएं बार-बार क्यों घट रही हैं। एक कारण तो यह जरूर है कि भीड़ को आयोजन और आयोजन स्थल की सफलता का मापदंड माना जाता है। सरकारें और धार्मिक संस्थाएं जितनी अधिक भीड़ जुटा पाती हैं, उसे उतनी ही बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रचारित करती हैं।

श्रद्धालुओं की संख्या को लाखों और करोड़ों में गिनाया जाता है, और यह मान लिया जाता है कि आस्था जितनी व्यापक होगी, उतनी ही मान्यता और चढ़ावा भी मिलेगा, परंतु इस मानसिकता में यह भूल जाती है कि किसी भी स्थल की एक सीमा होती है, जिसे कैरीइंग कैपेसिटी कहा जाता है। कैरीइंग कैपेसिटी का अर्थ है किसी स्थल की वह अधिकतम सीमा जहां तक वह पर्यावरणीय, भौगोलिक और संरचनात्मक रूप से भीड़ को सुरक्षित रूप से संभाल सकती है। मनसा देवी मंदिर जैसे स्थलों पर यह सीमा सीमित होती है, सीढ़ियां संकरी हैं, रेलिंग पुरानी हैं, और ऊपर-नीचे आने-जाने का मार्ग एक ही है। ऐसी स्थिति में यदि हजारों की संख्या में लोग एक साथ एक ही दिशा में बढ़ते हैं और अचानक अफवाह या घबराहट फैलती है, तो भगदड़ अवश्यंभावी हो जाती है। प्रशासनिक दृष्टि से देखा जाए तो भारत में अधिकांश धार्मिक स्थलों पर ऐसी स्पष्ट कैरीइंग कैपेसिटी निर्धारित नहीं की जाती और न ही भीड़ को उसी अनुसार रोका जाता है। जब तक यह वैज्ञानिक आधार पर तय नहीं किया जाएगा कि किस पर्व पर किस स्थल पर कितने लोग एक समय में प्रवेश कर सकते हैं, तब तक सुरक्षा सिर्फ भाग्य पर आधारित होगी।

प्रशासन कई बार दावा करता है कि उसने पर्याप्त इंतजाम किए थे, सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, पुलिस बल तैनात किया गया था, रूट प्लान तैयार था, परंतु जब हादसा हो जाता है, तो यही व्यवस्थाएं कागजों में ही सीमित पायी जाती हैं। मनसा देवी मंदिर की घटना में भी यही हुआ। एक अफवाह ने समूची व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। दूसरी ओर, धार्मिक संस्थाओं की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। कई बार आयोजक भीड़ को लेकर कोई वैज्ञानिक अनुमान नहीं लगाते, न ही किसी प्रकार की पूर्व अनुमति की प्रक्रिया का पालन करते हैं। हाथरस की घटना इसका ज्वलंत उदाहरण है। न आयोजन का कोई नियंत्रण था, न किसी एजेंसी से सहमति ली गई थी, और न ही आपातकालीन प्रबंधन की कोई योजना थी। धार्मिक आस्था को आंकड़ों, भीड़ या प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि विवेक और जिम्मेदारी के साथ जोड़ना होगा। जब तक भीड़ को आयोजन की सफलता और चढ़ावे का पैमाना माना जाता रहेगा, तब तक मनसा देवी, नैना देवी, हाथरस या वैष्णो देवी जैसी त्रासदियां दोहराई जाती रहेंगी।

# एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं के कारोबार

हाल में मॉडल-अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की कार्डियक अरेस्ट के चलते 42 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई। उनके कार्डियक अरेस्ट आने की वजह एंटी-एजिंग दवाओं का सेवन भी बताई जा रही है। शेफाली सात-आठ सालों से ये दवाएं ले रही थीं। जिस दिन उनकी मौत हुई उस दिन उनका व्रत था। वह खाली पेट भी इन दवाओं को ले रही थीं। असल में पिछले कुछ सालों में लोगों में उम्र को छिपाने और जवान दिखने का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके लिए वे जम कर पैसा बहा रहे हैं।

अगर एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं के कारोबार की बात की जाए तो यह देश में तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कॉस्मेटिक यानी सर्जरी एवं फिलर्स ट्रीटमेंट और दवाइयां, दोनों शामिल हैं। यह बाजार त्वचा की देखभाल, झुर्रियां हटाने और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने वाली दवाओं और उत्पादों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। एक अनुमान के मुताबिक, 2023 में देश में एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं का कारोबार करीब 3,500 करोड़ रुपये का था। 2024 में इसका आकार 4,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया। 2035 तक इसके 8,000 करोड़ रुपये से ज्यादा होने की उम्मीद है। यह कारोबार 7-8 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है।कुछ कंपनियों का दावा है कि यह कारोबार दस साल बाद दस हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा का होगा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं का कारोबार कितनी तेजी से पैर पसार रहा है। एक्सपर्ट बताते हैं कि लोगों में जवां दिखने की चाहत तेजी से बढ़ रही है। इनमें 30-50 साल तक की उम्र वाले लोगों की संख्या सबसे अधिक है। देश में एंटी-एजिंग उपचार के लिए कई तरह की दवाएं, इंजेक्शन तथा सर्जरी बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं। इस बिजनेस में दखल रखने वाली कई कंपनियों ने अलग-अलग शहरों में अपने क्लिनिक खोल लिए हैं। मार्केट एक्सपर्ट बताते हैं कि एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं के मौजूदा कारोबार में अंग्रेजी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाइयां, स्किन संबंधी कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट्स, बोटोक्स सर्जरी तथा फिलर्स ट्रीटमेंट के बिजनेस शामिल हैं। एंटी-एजिंग उपचार वह प्रक्रिया है, जिसमें आपको बढ़ती उम्र में भी जवान दिखाया जाता है। यह त्वचा पर झुर्रियां बढ़ने से रोकने का उपचार है। इसके तहत कॉस्मेटिक, दवाइयां, सर्जरी, इंजेक्शन और कोलेजन सप्लीमेंट्स आते हैं। एंटी-एजिंग उपचार अंग्रेजी के साथ आयुर्वेदिक तरीके से भी करने का दावा किया जाता है। अंग्रेजी कंपनियों के साथ कुछ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक कंपनियों ने भी दवाएं, ब्यूटी प्रॉडक्ट्स और कोलेजन सप्लीमेंट्स बनाने शुरू कर दिए हैं। कहने का अभिप्राय यह है कि आयुर्वेदिक-होम्योपैथिक कंपनियों की भी अंग्रेजी दवा कंपनियों की तरह इस बाजार पर पूरी नजर है। हालिया कई सर्वे और रिपोर्ट्स बताती हैं कि दुनिया की तरह भारत में भी एक बड़ी आबादी सोशल मीडिया पर विज्ञापन देख कर प्रॉडक्ट्स का जम कर उपयोग कर रही है। कई सेलेब्रिटी हैं, जो टीवी और सोशल मीडिया पर इस तरह की दवाओं का प्रचार कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि एंटी-एजिंग की कुछ दवाओं में हार्मोन, स्टेरॉयड या अन्य केमिकल्स होते हैं, जो शरीर के नेचुरल सिस्टम से छेड़छाड़ करते हैं। इससे हार्ट और लिवर को नुकसान पहुंच सकता है। हार्मोन बैलेंस भी बिगड़ सकता है। इन दवाओं का लगातार सेवन करना ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल या हार्ट से जुड़ी बीमारियों का कारण भी बन सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में चित्रकोट जलप्रपात पर वर्षा के बाद इंद्रावती नदी उफान पर बह रही है।



कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद और भारतीय ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसद, संसद के मानसून सत्र के दौरान, नई दिल्ली में बिहार में मतदाता सूची के चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।



नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ।



कर्नाटक के बेंगलुरु में संपांगी राम नगर में एक इमारत का एक हिस्सा गिरने के बाद बचाव अभियान जारी है।




2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित मुंबई में मीडिया से बातचीत करते हुए।



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के देवघर स्थित एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में भाग लिया।

# मोहन भागवत को भी फंसाने की साजिश थी, मालेगांव विस्फोट मामले में एटीएस का हिस्सा रहे अधिकारी ने कोर्ट में किया दावा



**मुंबई।** मालेगांव विस्फोट कांड की जांच करने वाली एटीएस टीम का हिस्सा रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी महबूब मुजावर ने एनआईए कोर्ट को बताया है कि उन्हें उस टीम में रहते हुए कुछ ऐसे काम करने को कहा गया, जिनका मालेगांव कांड से कोई वास्ता ही नहीं था। ऐसे ही कामों में से एक था- तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नए-नए सरसंघचालक बने मोहन भागवत को गिरफ्तार करना। कोर्ट के फैसले की विस्तृत प्रति सामने आने पर ही पता चलेगा कि कोर्ट ने उनके दावों पर क्या टिप्पणियां की हैं। गुरुवार को आए फैसले पर खुशी जताते हुए महबूब मुजावर बताते हैं कि इस मामले की पूरी जांच ही फर्जी थी। उनके अनुसार, सोलापुर में कुछ साहसिक अभियानों का नेतृत्व करने के कारण उन्हें कवरिंग पार्टी के रूप में एटीएस की उस 10 सदस्यीय टीम का हिस्सा बनाया गया था, जो मालेगांव विस्फोट कांड की जांच कर रही थी। वह कहते हैं कि मालेगांव में विस्फोट तो हुआ, लेकिन उसकी जांच गलत दिशा में मोड़ दी गई।उन्होंने इस बात के तथ्य अदालत में पेश किए हैं कि जिन दो आरोपितों रामजी कालसंगरा एवं संदीप डांगे को एटीएस भगोड़ा बताकर ढूंढने का नाटक करती रही, उन्हें तो पुलिस पहले ही मार चुकी थी।

इसके अलावा एक तीसरे व्यक्ति दिलीप पाटीदार को भी पुलिस खत्म कर चुकी है, जिसे कभी इस मामले में आरोपित बनाया ही नहीं गया। मुजावर कहते हैं कि रामजी कालसंगरा और संदीप डांगे की जगह साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित (अब सेवानिवृत्त) का नाम आरोपित के रूप में शामिल कर एक फर्जी जांच शुरू की गई। वह एटीएस के तत्कालीन उपप्रमुख परमबीर सिंह की ओर इशारा करते हुए कहते हैं कि एक गलत व्यक्ति के द्वारा की गई गलत जांच का परिणाम आज सामने आ गया है।

इसी कड़ी में मुजावर कहते हैं कि उन्हें इसी मामले में उनके अधिकारियों ने संघ प्रमुख मोहन भागवत तो गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। न मानने पर मुझे ही निलंबित कर कुछ झूठे मामलों में फंसा दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि अपने मामले की जांच के दौरान ही उन्होंने मालेगांव कांड में चल रही फर्जी जांच के दस्तावेज एनआईए कोर्ट को सौंप दिए थे। अब उन्हें इंतजार है कोर्ट द्वारा उनके दस्तावेजों पर की गई टिप्पणी का।

## बिहार मतदाता सूची में किसी का नाम जुड़वाने या हटवाने के लिए एक महीने का समय, मुख्य चुनाव आयुक्त ने किया ऐलान

**नई दिल्ली।** बिहार की ड्राफ्ट मतदाता सूची आने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को कहा कि एक अगस्त को आने वाली इस सूची में यदि किसी का नाम गलत तरीके से जुड़ गया है तो उसको हटवाने और यदि किसी पात्र मतदाता का नाम छूट गया तो उसे जुड़वाने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। राजनीतिक दल और फिर जिस मतदाता का नाम छूट गया है वे इसे लेकर अगस्त से एक सितंबर तक आपत्ति दर्ज करा सकते है। इसे लेकर वह प्रत्येक विधानसभा के मतदाता पंजीयन अधिकारी (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) व राज्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के पास आपत्ति दर्ज करा सकते है।मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने कहा कि इस ड्राफ्ट मतदाता सूची को जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) द्वारा बिहार के सभी 38 जिलों में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाएगा। उन्हें इसकी हार्ड और डिजिटल प्रतियां दोनों दी जाएगी। इसके साथ ही इसे आनलाइन अपलोड भी दिया जाएगा।

# भगवा का प्रतीक बन लोकसभा तक पहुंची थीं साध्वी प्रज्ञा लोकसभा चुनाव में दिग्गविजय सिंह को दे चुकी हैं मात



**भोपाल।** एबीवीपी, आरएसएस, दुर्गावाहिनी जैसे संगठनों से सार्वजनिक जीवन में आई प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने हमेशा अपनी छवि कट्टर हिंदूवादी नेता की बनाई। इसी भगवा छवि का प्रतीक मानकर उन्हें भाजपा ने वर्ष 2019 में भोपाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाया।कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की मुस्लिम तुष्टीकरण नीति के विरोध स्वरूप भाजपा ने साध्वी प्रज्ञा को चुनाव लड़ाया था।दिग्विजय को उन्होंने तीन लाख 64 हजार से अधिक वोटों से हराया था। यह वह समय था, जब प्रज्ञा ठाकुर पर मालेगांव विस्फोट के आरोप में मुकदमा चल रहा था। लोकसभा सदस्य बनने के बाद भी उन्होंने अपनी छवि कट्टर हिंदुत्व वाली रखी।उनके कई ऐसे बयान चर्चा में रहे, जिनकी किसी ने प्रशंसा की तो किसी ने आलोचना। पार्टी ने उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया, पर हिंदुत्व को लेकर उनके बयान चर्चा में रहे। हालांकि, इसके बाद से राजनीति में उनकी सक्रियता कम देखने को मिली। लोकसभा सदस्य रहते महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहा था। इसी तरह महाराष्ट्र में एटीएस चीफ रहे हेमंत करकरे के विरुद्ध उन्होंने खुलकर बोला था। यहां तक कहा था कि उनके श्राप से हेमंत की मौत हुई है। अपने बयानों के चलते कई बार वह पार्टी में अगल-थलग भी पड़ गई थीं।प्रज्ञा ठाकुर की बड़ी बहन उपमा सिंह ने कहा कि कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोगों ने भगवा, हिंदुत्व, सनातन, संन्यासियों को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रचा था। सनातनी हमेशा से वसुधैव कुटुंबकम में भरोसा रखने वाले लोग हैं।

## उनाकोटी जिले में कार और पुलिस वैन में जोरदार टक्कर त्रिपुरा स्टेट राइफल्स जवान समेत चार लोगों की मौत

**अगरतला 01 अगस्त।** त्रिपुरा के उनाकोटी जिले में एक तेज रफ्तार वाहन ने पुलिस वैन को टक्कर मार दी जिसमें त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के एक जवान समेत चार लोगों की मौत हो गई। इसकी जानकारी गुरुवार को पुलिस ने दी। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसमें कोई गड़बड़ी तो नहीं थी। यह घटना बुधवार रात को हुई जब पुलिस की गाड़ी कैलाशहर थाना क्षेत्र के चिरकोट में सड़क किनारे खड़ी थी। पुलिस दल कैलाशहर-कुमारघाट राजमार्ग पर नियमित गश्त कर रहा था। कैलाशहर उप-मंडल पुलिस अधिकारी जयंत कर्माकर ने कहा कि एक तेज रफ्तार एसयूवी ने पुलिस वैन को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों ने बाद में दम तोड़ दिया। एक और घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है।

# गिरफ्तारी के समय मेरे पास 750 रुपये थे, उन्हें वापस कर दो मालेगांव मामले में बरी हुए समीर कुलकर्णी ने अदालत से कहा



**नई दिल्ली।** 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आए फैसले के बीच एक पल ऐसा भी आया जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अदालत द्वारा बरी किए गए लोगों में शामिल समीर कुलकर्णी ने कोर्ट से कहा कि उन्हें उनसे जब्त किए गए 750 रुपये चाहिए। कुलकर्णी ने अदालत से कहा कि गिरफ्तारी के दौरान मुझसे 900 रुपये जब्त किए गए थे, लेकिन कागजों पर सिर्फ 750 रुपये दिखाए गए थे। ठीक है, 150 रुपये छोड़ दो, लेकिन कम से कम मेरे 750 रुपये तो लौटा दो। न्यायाधीश ने उनके अनुरोध पर ध्यान दिया और कहा कि हम पहले ही यह आदेश दे चुके हैं कि मामले में अगले आदेश तक केस की संपत्ति से कुछ भी वापस नहीं किया जाएगा। इसका मतलब है कि कुलकर्णी भले ही रिहा हो जाएं, लेकिन उन्हें अपने 750 रुपये के लिए अभी और इंतजार करना होगा। न्यायाधीश ने गुरुवार को अपना आदेश सुनाते हुए मुकदमे का सामना कर रहे सभी सात लोगों को बरी कर दिया। गौरतलब है कि कुलकर्णी ने अपना केस खुद लड़ा। मालेगांव बम धमाका मामले में गुरुवार को बरी किए गए समीर कुलकर्णी ने कहा कि यदि इस मामले में सह-आरोपितों ने वकील नहीं रखा होता, तो यह मुकदमा 15 साल पहले समाप्त हो गया होता। उन्होंने बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष दोनों पर मुकदमे को लंबा खींचने या लटकाने का आरोप भी लगाया। गौरतलब है कि मालेगांव बम विस्फोट मामले में विशेष एनआईए अदालत ने समीर कुलकर्णी समेत सात संदिग्धों को बरी कर दिया।

कुलकर्णी ने कहा, मैं अदालत का धन्यवाद करता हूं। मैंने कोई वकील नहीं रखा क्योंकि मुझे न्यायिक प्रणाली पर विश्वास था। मैंने मामले को तेजी से निपटाने के लिए बांबे हाई कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। सभी आरोपित निर्दोष हैं। यदि उन्होंने वकील नहीं रखा होता, तो यह मामला 15 साल पहले खत्म हो गया होता। गौरतलब है कि कुलकर्णी ने अपना केस खुद लड़ा।

## चपरासी ने इंजीनियर को पानी के बदले पिला दिया पेशाब, पुलिस थाने में दर्ज कराई शिकायत



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के गजपति जिले में एक इंजीनियर ने अपने कार्यालय के चपरासी पर उन्हें धोखे से पेशाब पिला देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना 23 जुलाई की बताई जा रही है। ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग (आरडब्ल्यूएसएस) के अभियंता सचिन गौड़ा ने प्राथमिकी आवेदन में लिखा है कि उन्होंने 22 जुलाई को ही कार्यालय में जूनियर इंजीनियर के तौर पर योगदान दिया है। 23 जुलाई को रात का भोजन करने के बाद उन्होंने चपरासी सिबा नारायण नायक से पानी मांगा।इंजीनियर का आरोप है कि चपरासी ने उन्हें पीने का पानी कहकर एक स्टील की बोतल थमा दी, जिसमें बाद में पेशाब होने का संदेह हुआ। दो अन्य कर्मचारियों ने भी उसी बोतल से पानी पीया और उन्होंने भी पानी से आ रही बदबू और स्वाद के आधार पर बोतल में पानी की जगह पेशाब होने की आशंका जताई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बोतल में बचे पानी के नमूने को एक स्थानीय प्रयोगशाला में भेजा गया। निर्णायक जांच के लिए दूसरा नमूना परलाखेमुंडी की एक प्रयोगशाला में भेजा गया है। घटना के बाद इंजीनियर गौड़ा कथित तौर पर बीमार हो गए और उनका इलाज चल रहा है। आर उदयगिरी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत में आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

# बिहार, बंगाल समेत इन राज्यों में होगा रेलवे का विस्तार

### सरकार ने बनाया 574 किलोमीटर की लाइन बिछाने का प्लान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 574 किलोमीटर की वृद्धि की योजनाओं को मंजूरी दी है। यह मल्टीट्रैकिंग परियोजना है, जो बिहार, बंगाल, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के 13 जिलों से होकर गुजरेगी। इन चारों योजनाओं पर कुल 11,169 करोड़ की लागत आएगी। इन्हें 2028-29 तक पूरा कर लिया जाएगा। कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 229 लाख मानव दिवस का प्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित होंगे। स्वीकृत योजनाओं में मध्य प्रदेश के इटारसी से महाराष्ट्र के नागपुर के बीच नई चौथी लाइन का निर्माण होगा, जिसकी लंबाई 339 किलोमीटर होगी। इस रूट पर 37 स्टेशन और 36 बड़े पुल होंगे। इसी तरह छत्रपति संभाजीनगर से परभणी तक 177 किलोमीटर लंबी लाइन के दोहरीकरण पर 2179 करोड़ की लागत आएगी। बंगाल के अलुआबारी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए तीसरी और चौथी लाइन की मंजूरी दी गई है, जो बिहार के किशनगंज के पास से होकर गुजरेगी। 121 किलोमीटर लंबी इस ट्रैक के निर्माण पर 1786 करोड़ की लागत आएगी। डांगोपोसी-जारोली तीसरी और चौथी लाइन है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि लाइन क्षमता में वृद्धि से गतिशीलता में काफी वृद्धि आएगी, जिसके सहारे रेलवे की परिचालन दक्षता एवं विश्वसनीयता में सुधार होगा।सभी परियोजनाएं नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जिनसे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इससे 2,309 गांवों की लगभग 44 लाख लोगों की संपर्कता बढ़ेगी। ये लाइनें कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, कंटेनर, फ्लाई ऐश, कृषि उत्पाद और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं।

## इस सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे तेज प्रताप यादव, बोले- मेरी जीत लालू यादव की जीत



**महुआ (वैशाली)।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र व पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने पार्टी और परिवार से अलग किए जाने के बाद अपनी राजनीतिक दिशा तय कर ली है। गुरुवार को हसनपुर ओस्ती चौक पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उन्होंने महुआ से चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि यदि वह जीतते हैं तो यह लालू प्रसाद यादव की जीत होगी। लगे हाथ उन्होंने महुआ से राजद विधायक मुकेश रौशन पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी कर दी। बीते 20 दिनों में यह दूसरा मौका है, जब तेज प्रताप महुआ पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। तेज प्रताप ने कहा कि महुआ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कर उन्होंने क्षेत्र का नाम इतिहास में दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो वे महुआ के विकास के लिए कई योजनाएं लागू कराएंगे। जब वह पहली बार महुआ से विधायक बने थे, तब कुछ लोगों ने उन्हें भ्रमित किया, जिसके कारण उन्हें महुआ छोड़ना पड़ा।भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि वह एक बार फिर वे जनता के बीच आए हैं और इस बार निराश नहीं करेंगे। जनता ने साथ दिया तो महुआ में इंजीनियरिंग कालेज भी खोला जाएगा और इसे जिला बनाने की दिशा में भी काम किया जाएगा।युवाओं की बेरोजगारी पर चिंता जताते हुए तेज प्रताप ने कहा कि वह स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर पलायन रोकने का प्रयास करेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम में कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## बिहार में चोरी की कार से धमाचौकड़ी मचा रहे थे झारखंड के दो शातिर... पुलिस के हत्थे चढ़े धनबाद वाले चोर



**महिषी (सहरसा)।** बिहार में चोरी की कार से धमाचौकड़ी कर रहे झारखंड के दो शातिरों को दबोचा गया है। महिषी ओपी पुलिस ने सूचना के आलोक में भेलाही गांव में छापेमारी कर चोरी की एक कार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। कार चोरी मामले में तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जलई ओपी अध्यक्ष ममता कुमारी को फोन पर सूचना मिली कि भेलाही दुर्गा मंदिर के निकट एक कार खड़ी है, जिसपर दो व्यक्ति सवार हैं। सूचना के सत्यापन के लिए ओपी अध्यक्ष सहित पुलिस बल उपरोक्त स्थल पर पहुंचे। स्थल पर पहुंच ओपी अध्यक्ष ने देखा कि वहां बीआर 01 डीएफ 5301 नम्बर की हुडंई कार खड़ी है।उन्होंने उसपर सवार लोगों से पूछताछ की तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो ओपी अध्यक्ष ने कार सहित कार सवारों को थाना ले गयी । जहां कार पर सवार लोगों की पहचान झारखंड के धनबाद जिला अन्तर्गत त्रिमूर्त्ति मोड़ निवासी सूरज कुमार यादव एवं पिंकू कुमार के रूप में की गई। इनलोगों द्वारा दिखाया गया गाड़ी का कागजात जांच में फर्जी पाया गया । जलई ओपी अध्यक्ष ने चोरी के इस कार को जब्त कर दो गिरफ्तार आरोपियों के अतिरिक्त एक अन्य के विरूद्ध कार चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

# भिवानी में भीषण हादसा, अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, दो सगे भाइयों समेत चार की मौत



**भिवानी/लोहारू/ढिगावामंडी।** अमीरवास गांव के पास एक हरियर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे कार सवार चार युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वाले में दो सगे भाई है। घायलों को उपचार के लिए भिवानी के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। दो मृतक और दोनों घायल बुढ़ेड़ा गांव से है।हादसे की सूचना के बाद गांव में भी मातम छा गया। सूचना के बाद लोहारू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हादसा इतना भयंकर था कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसा वीरवार देर सायं करीब साढ़े सात बजे हुआ।बुढेड़ा वासी पांच युवक किसी कार्य से ढिगावा मंडी आए हुए थे। सायं को वापस अपनी कार से घर लौट रहे थे। ढिगावा मंडी से सिवानी मंडी मार्ग पर गांव अमीरवास और ढाणी लक्ष्मण के बीच अचानक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बुढेड़ा वासी कर्मबीर, कोमल व राजस्थान वासी राकेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बुढेड़ा वासी राजेश ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया।हादसे में घायल अंकित को प्राथमिक उपचार के पीजीआइ रोहतक रेफर कर दिया गया। स्वजन उसे हिसार के एक निजी अस्पताल ले गए। हादसे में मारे गए कर्मबीर व कोमल दोनों सगे भाई है जबकि राजस्थान वासी राकेश गांव बुढ़ेड़ा में ही रहता है। मृतक चारों युवक अविवाहित थे और सभी की उम्र करीब 25 से 27 वर्ष है। लोहारू थाना से कार्यकारी एसएचओ एसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि उनके पास सड़क हादसे की सूचना आई थी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे मगर तब तक सभी को स्वजन भिवानी ले गए। जिसके बाद वे भिवानी पहुंचे। स्वजनों के बयान के आधार पर शुक्रवार को कार्रवाई की जाएगी।

## बांग्लादेश में बीएनपी-एनसीपी समर्थकों में झड़प, 35 घायल, अवामी लीग ने की यूनुस सरकार की आलोचना



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खलिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच एक विरोध रैली के दौरान झड़प हो गई। इसमें पांच पत्रकारों समेत 35 लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह घटना बुधवार शाम उस समय हुई जब कोमिला में एनसीपी की तरफ से एक रैली आयोजित की गई थी। यह रैली अंतरिम सरकार में शामिल स्थानीय सलाहकार आसिफ महमूद के खिलाफ कथित दुष्प्रचार के विरोध में की गई थी। इसी दौरान एनसीपी और बीएनपी के समर्थक भिड़ गए और दोनों ओर से ईंट और पत्थर फेंके गए, जिससे अफरा-तफरी मच गई। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के शासन में देश की जेलों में कैदियों को यातना देने और हत्या की घटनाओं की कड़ी आलोचना की है। पार्टी ने कहा कि यूनुस शासन सरकारी मशीनरी का पूरा इस्तेमाल करके जेलों में पूर्व नियोजित हत्याएं करा रहा है।

# तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बना भारत, जापान को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने गुरुवार को बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए सौर ऊर्जा उत्पन्न करने में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (इरेना) के आंकड़ों का हवाला देते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भारत अब तक 1,08,494 गीगावाट आवर (जीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा का उत्पादन कर चुका है, जबकि जापान ने 96,459 जीडब्ल्यूएच सौर उर्जा उत्पन्न की है।एक एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए जोशी ने कहा कि भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा क्रांति में अग्रणी है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली क्षमता के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रहा है।इस दिशा में भारत की प्रगति न केवल ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देगी, बल्कि वैश्विक जलवायु परिवर्तन के खिलाफ भी एक मजबूत कदम साबित होगी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, सौर पीवी क्षमता वृद्धि में चीन सबसे आगे है। इसने 2023 में 260 गीगावाट की वृद्धि की, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग तिगुना है। 2022 में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना में कार्यान्वयन के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिनसे क्षमता वृद्धि को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।अमेरिका ने 2022 में मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम (आईआरए) में सौर पीवी के लिए उदार नई धनराशि शामिल की। अमेरिका में पीवी वृद्धि 2023 में 70त्न बढ़कर रिकॉर्ड 32 गीगावाट तक पहुंच गई।

# ट्रंप के टैरिफ का भारत ने निकाल लिया तोड़, पहले की तरह ही एक्सपोर्ट होंगे सामान



**नई दिल्ली।** अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क की भरपाई सरकार निर्यातकों को वित्तीय सहायता देकर कर सकती है। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में विचार-विमर्श शुरू हो गया है। निर्यातकों से बातचीत करके यह आकलन किया जा रहा है कि अमेरिकी टैरिफ से कौन-कौन से सेक्टर मुख्य रूप से प्रभावित होंगे और उन्हें कितनी वित्तीय सहायता देकर अमेरिका के बाजार में मुकाबले के लायक रखा जा सकता है। सरकार को यह वित्तीय सहायता लंबे समय तक नहीं देनी होगी, क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) के पहले चरण को लेकर समझौता होने की उम्मीद है और फिर गत बुधवार को घोषित 25 प्रतिशत के शुल्क का कोई मायने नहीं रह जाएगा। 25 प्रतिशत शुल्क से मुख्य रूप से जेम्स व ज्वेलरी, टेक्सटाइल, लेदर आइटम, इंजीनियरिंग गुड्स, मशीनरी, मेडिकल उपकरण जैसी वस्तुओं का निर्यात प्रभावित होगा। मेडिकल उपकरण के निर्यात में अमेरिका के बाजार में भारत को ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन के देश टक्कर देते हैं। दूसरी तरफ अभी निर्यातक को यह भी पता नहीं लग पा रहा है कि ट्रंप प्रशासन 25 प्रतिशत के अलावा भारत पर जुर्माना कितना लगाएगा। ट्रंप सरकार की तरफ से लिखित अधिसूचना जारी करने के बाद ही इसका पता चलेगा कि किन-किन वस्तुओं को 25 प्रतिशत शुल्क की परिधि में रखा गया है और जुर्माने की राशि क्या होगी। फियो के पूर्व प्रेसिडेंट शरद कुमार सराफ को उम्मीद है कि ट्रंप अगले दिन इस फैसले को पलटते हुए इस शुल्क को लागू करने की तारीख बढ़ा दे। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस के महानिदेशक और सीईओ अजय सहाय ने कहा, जुर्माने को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इसलिए अभी हर प्रकार के निर्यात ऑर्डर होल्ड पर हैं। अमेरिकी खरीदारों ने इस प्रकार की स्थिति को भांपते हुए अपना स्टॉक पहले ही बना लिया है। यही वजह रही कि मई और जून में भारत से रिकॉर्ड मोबाइल फोन निर्यात किए गए। अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि बीटीए के पहले चरण का समझौता होने तक अपैरल का निर्यात जरूर प्रभावित होगा। वियतनाम और बांग्लादेश से हमारा मुकाबला अमेरिका के बाजार में है। बांग्लादेश पर भारत से अधिक 35 प्रतिशत का शुल्क ट्रंप ने लगाया है। लेकिन अभी भारत के जुर्माने को स्पष्ट नहीं किया गया है। गारमेंट का 33 प्रतिशत निर्यात अमेरिका के बाजार में किया जाता है और पिछले कुछ सालों से यह हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। ट्रंप भारत से अमेरिका जाने वाली दवा और स्मार्टफोन को 25 प्रतिशत के शुल्क से बाहर रख सकते हैं। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली 40 प्रतिशत जेनेरिक दवा की आपूर्ति भारत करता है और इन दवा पर 25 प्रतिशत का शुल्क लगाने पर यह काफी महंगी हो जाएंगी। फार्मा निर्यातक दिनेश दुआ ने बताया कि जेनेरिक दवा का तुरंत उत्पादन करना कोई आसान काम नहीं है। दवा की फैक्ट्री लगाने और सप्लाई लाइन विकसित करने में पांच-छह साल का समय लग जाता है। इसलिए भारतीय जेनेरिक दवा को शुल्क से बाहर रखा गया है। सूत्रों का कहना है कि स्मार्टफोन पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर अमेरिका में एपल के आईफोन काफी महंगे हो जाएंगे। इसलिए स्मार्टफोन पर भी 25 प्रतिशत का शुल्क लगने की उम्मीद कम है।

भारत ने पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका में 10 अरब डॉलर की दवा तो 14 अरब डॉलर के स्मार्टफोन का निर्यात किया था।भारतीय निर्यात पर अमेरिका का 25 प्रतिशत शुल्क अगर प्रभावी हो जाता है तो मैन्युफैक्करिंग सेक्टर में विदेशी निवेश प्रभावित हो जाएगा। अभी खिलौना, इलेक्ट्रॉनिक्स, गैर लेदर फुटवियर सेक्टर से जुड़ी कई विदेशी कंपनियां भारत में मैन्यूफैक्करिंग के लिए निवेश करने का पूरा मन बना चुकी हैं। इन कंपनियों को लग रहा था कि अमेरिका के बाजार में भारत को बढ़त रहेगी।खिलौने की कई अमेरिकी कंपनियां भारतीय खिलौना कंपनियों से इस दिशा में बातचीत कर रही थीं। ताकि वे भारत में उत्पादन कर अमेरिका व अन्य देशों में यहां से निर्यात कर सकें। मैन्युफैक्करिंग करने वाली कोई भी विदेशी कंपनी सिर्फ भारत में खपत के लिए निर्माण नहीं करना चाहेंगी। निर्यात की संभावना दिखने पर ही भारत में ये कंपनियां निवेश करेंगी।

## स्मृति ईरानी के कमबैक पर अनुपमा सोलंकी बोलीं– उनके शो देखकर बड़ी हुई आज भी भावुक हो जाती हूं



अभिनेत्री अनुपमा सोलंकी खुश हैं कि स्मृति ईरानी 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के साथ छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं। अनुपमा ने बताया कि वह उनके शो बचपन से देखती आई हैं, शो का थीम सॉन्ग सुन वो आज भी भावुक हो जाती हैं।

अनुपमा ने बताया कि वह स्मृति के शो देखकर बड़ी हुईं। स्मृति ईरानी की टीवी पर वापसी के बारे में पूछे जाने पर अनुपमा ने कहा, यह खबर सुनकर बहुत खुशी हुई। इतने सालों बाद उन्हें फिर से कास्ट किया गया है, जैसे एकता कपूर ने पहले किया था। मैं 'कहानी घर घर की', 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कसौटी जिंदगी की' देखकर बड़ी हुई हूं। आज भी उन शोज के थीम सॉन्ग सुनकर भावुक हो जाती हूं। 'जागृति – एक नई सुबह' फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, हाल ही में मैंने 'क्योंकि' के गाने पर एक रील बनाई। काश, मैं इस वापसी का हिस्सा होती, लेकिन मैं जहां हूं, वहां खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि स्मृति जी का नया शो सुपरहिट होगा, क्योंकि यह बहुत शानदार शो है, जो दर्शकों को आज भी बहुत पसंद है।

टीवी के सुनहरे युग की वापसी पर अनुपमा ने कहा, शायद यह संभव हो। हमें उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए। उस दौर में भावनाओं और दर्शकों से जुड़ाव की जो गहराई थी, वह बेमिसाल थी। मैं चाहती हूं कि वह दौर लौटे। एकता मैम के शो अब कम आते हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह नया शो दर्शकों के दिलों को छू लेगा।

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीजन 2' का प्रीमियर 29 जुलाई को स्टार प्लस पर हो रहा है। स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय तुलसी और मिहिर विरानी की अपनी लोकप्रिय भूमिकाओं में वापसी करेंगे।

इस नए अध्याय में हितेन तेजवानी, गौरी प्रधान, शक्ति आनंद, कमलिका गुहा ठाकुर, शगुन शर्मा, रोहित सुचंती, अमन गांधी, अंकित भाटिया और तनीषा मेहता जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

# मस्कारा लगाते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, मिलेगा बेहतरीन लुक

आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए मस्कारा एक जरूरी मेकअप प्रोडक्ट है। सही तरीके से मस्कारा लगाने से आपकी आंखें बड़ी और आकर्षक दिख सकती हैं, लेकिन अक्सर महिलाएं मस्कारा लगाते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठती हैं, जिससे उनका लुक सही नहीं आ पाता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनसे आप मस्कारा लगाते समय ध्यान रख सकती हैं और हर बार बेहतरीन लुक पा सकती हैं।

**सही ब्रश का चयन करें**

मस्कारा लगाते समय सही ब्रश का चयन बहुत जरूरी है। अगर आपकी पलकें छोटी हैं तो आपको एक छोटे ब्रश वाले मस्कारे का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे आप आसानी से हर पलक तक पहुंच सकें, वहीं अगर आपकी पलकें लंबी हैं तो बड़े ब्रश वाले मस्कारे का चयन करें, जिससे आपको ज्यादा घना लुक मिलेगा। सही ब्रश से मस्कारा लगाना आसान हो जाता है और आपका लुक भी शानदार आता है।

**बेस प्राइमर का उपयोग करें**

मस्कारा लगाने से पहले बेस प्राइमर का उपयोग करना न भूलें। बेस प्राइमर आपकी पलकें को मजबूत बनाता है और मस्कारे



को लंबे समय तक टिकाए रखता है। इसके अलावा यह आपकी पलकें को मोटा भी बनाता है, जिससे आपकी आंखें बड़ी और आकर्षक दिखती हैं। बेस प्राइमर लगाने से मस्कारा आसानी से फैलता है और गाढ़ा लुक देता है। इससे आपके मेकअप का प्रभाव भी बेहतर होता है और आंखें ज्यादा निखरी हुई लगती हैं।

**जड़ से शुरू करें लगाना**

मस्कारा लगाते समय हमेशा जड़ से शुरू करें। सबसे पहले अपनी जड़ों पर हल्का सा दबाव डालते हुए मस्कारे को लगाएं, फिर धीरे-धीरे ऊपर की ओर घुमाते हुए पूरी लंबाई पर मस्कारा लगाएं। इस तरीके से लगाने से आपकी पलकें पूरी तरह से ढक जाती हैं और एक गाढ़ा लुक मिलता है। इससे आपकी आंखें बड़ी और आकर्षक दिखती हैं। इस तरह आप हर बार बेहतरीन लुक पा सकती हैं।

**दो कोट लगाएं**

अधिकतर लोग सोचते हैं कि एक कोट मस्कारा लगाने से ही काफी होता है, लेकिन सच्चाई यह है कि दो कोट लगाने से आपकी पलकें ज्यादा घनी और लंबी दिखती हैं। पहले कोट के बाद थोड़ा इंतजार करें ताकि मस्कारा सूख जाए, फिर दूसरे कोट को हल्का सा ऊपर की ओर घुमाते हुए लगाएं। इससे आपकी पलकें पूरी तरह से ढक जाती हैं और एक बेहतरीन लुक मिलता है।

**चिपचिपाहट से बचें**

चिपचिपाहट तब होती है जब बहुत ज्यादा मस्कारा एक ही बार में लग जाता है जिससे आपकी पलकें चिपक जाती हैं। इसे रोकने के लिए मस्कारे ब्रश को अच्छी तरह साफ करें और केवल उतनी ही मात्रा लें जितनी जरूरत हो। इन सरल लेकिन असरदार टिप्स को अपनाकर आप हर बार बेहतरीन लुक पा सकती हैं और अपनी आंखों को आकर्षक बना सकती हैं। इन छोटे-छोटे बदलावों से आपका मेकअप और भी बेहतर हो जाएगा।

## मनीषा रानी की लेटेस्ट तस्वीरों ने मचाया बवाल



बिग बॉस ओटीटी 2 की एक्स कंटेस्टेंट और बिहार की मनीषा रानी हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं। मनीषा बिग बॉस के घर में अपने चुलबुले अंदाज और अपनी बातों की वजह से फैंस की फेवरेट रही हैं। बिग बॉस के बाद मनीषा ने डांस रिएलिटी शो झलक दिखला जा 11 की विनर रहीं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ मनीषा सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपने लेटेस्ट तस्वीरों और वीडियो के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। इसी बीच अब मनीषा का एक लेटेस्ट फोटोशूट इंटरनेट का पारा हाई कर रहा है। 28 साल की मनीषा रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं। मनीषा इस वक्त बाली में अपना वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। शेयर की गई तस्वीरें बाली की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मनीषा ने कैप्शन में लिखा, समुद्री हवा और बाली की सहजता। मनीषा की ये तस्वीरें देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। फोटोशूट में मनीषा कभी रेत पर लेटी तो कभी समंदर के लहरों के साथ पोज देती दिख रही हैं। लुक की बात करें तो कुछ तस्वीरों में उन्होंने बिकिनी के साथ ब्लैक कलर की जालीदार वनवीस ड्रेस पहने दिख रही हैं। कुछ तस्वीरें में वो अलग ही अंदाज में दिख रही हैं। फैंस कमेंट कर बोल रहे हैं वो किसी हिरोइन से कम नहीं लग रही हैं. इस तस्वीर में फैंस का ध्यान मनीषा के पीछे गहरे पानी में गया। फोटो में किसी के उल्टे पैर नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि जैसे कोई डूब रहा है। कमेंट कर कई यूजर्स ने कहा, पीछे देखो 9वीं तस्वीर में कोई डूब रहा है।

# नेल आर्ट करवाने के बाद नाखूनों का ऐसे रखें ध्यान, नहीं होंगे खराब

नेल आर्ट करवाने के बाद नाखूनों की देखभाल करना जरूरी है ताकि आपका नेल आर्ट लंबे समय तक बना रहे। सही देखभाल से न केवल आपके नाखून सुंदर दिखेंगे, बल्कि वे स्वस्थ भी रहेंगे। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने नाखूनों की देखभाल कर सकते हैं और उन्हें टूटने से बचा सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप अपने नाखूनों को हमेशा खूबसूरत और मजबूत रख सकते हैं।

**नाखूनों को नमी दें**


नेल आर्ट करवाने के बाद सबसे पहले अपने नाखूनों को नमी दें। इसके लिए आप नेल ऑयल या क्रीम का उपयोग कर सकते हैं। यह आपके नाखूनों को सूखने से बचाएगा और उनकी चमक बनाए रखेगा। इसके अलावा नमी देने से आपके नाखून मजबूत रहेंगे और टूटने की संभावना कम होगी। दिन में दो बार नाखूनों पर नेल ऑयल या क्रीम लगाएं, खासकर सोने से पहले ताकि यह रात भर काम कर सके और आपके नाखून स्वस्थ रहें।

**हल्के साबुन का इस्तेमाल करें**

नेल आर्ट के बाद हल्के साबुन का उपयोग करना बेहतर होता है। कठोर साबुन आपकी नेल आर्ट को खराब कर सकते हैं और आपके नाखूनों को कमजोर बना सकते हैं। इसलिए हमेशा हल्के साबुन जैसे कि एंटी-बैक्टीरियल या नमी देने वाले साबुन का ही उपयोग करें। इससे न केवल आपकी नेल आर्ट सुरक्षित रहेगी बल्कि आपके नाखून भी मजबूत बने रहेंगे। इसके अलावा हल्के साबुन का उपयोग करने से आपकी त्वचा भी मुलायम और स्वस्थ रहेगी।

**क्यूटिकल्स का ध्यान रखें**

क्यूटिकल्स आपके नाखूनों की सुरक्षा करते हैं और इन्हें स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप क्यूटिकल के तेल या क्रीम का उपयोग कर सकते हैं। यह आपके क्यूटिकल्स को नमी देगा और उन्हें टूटने से बचाएगा। इसके अलावा क्यूटिकल्स की सही देखभाल करने से आपके नाखून मजबूत रहेंगे



और टूटने की संभावना कम होगी। दिन में दो बार अपने क्यूटिकल्स पर क्यूटिकल के तेल या क्रीम लगाएं, खासकर सोने से पहले ताकि यह रात भर काम कर सके।

**हल्के हाथों से काम करें**

नेल आर्ट करवाने के बाद हल्के हाथों से काम करना चाहिए ताकि आपका नेल आर्ट खराब न हो। भारी सामान उठाने या किसी भी तरह का जोर डालने वाले काम करते समय सावधानी बरतें। हल्के हाथों से काम करने पर आपका नेल आर्ट सुरक्षित रहेगा और आपके नाखून टूटेंगे नहीं। इसके अलावा हल्के हाथों से काम करने से आपके नाखून मजबूत रहेंगे और उनकी चमक भी बनी रहेगी।

## क्या हो अगर आप 3 दिन तक ना सोये? नींद की कमी भी ले सकती है आपकी जान

एक अध्ययन के अनुसार, केवल तीन रातों के लिए खराब नींद लेने वाले लोगों में हृदय रोग विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है। नींद की लगातार कमी एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रही है, स्वीडन में उप्साला विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि अशांत नींद से सूजन बढ़ सकती है, जिससे हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है।



**नींद की कमी और हृदय रोगों का है गहरा संबंध**

उप्साला विश्वविद्यालय के एक चिकित्सक जोनाथन सेडरनेस ने कहा- की कमी और हृदय रोगों के जोखिम के बीच संबंध पर किए गए कई बड़े अध्ययनों में आम तौर पर थोड़े बड़े व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिनमें पहले से ही ऐसी बीमारियों का खतरा अधिक होता है। इसलिए यह दिलचस्प था कि नींद की कमी के कुछ ही रातों के बाद युवा और पहले पूरी तरह से स्वस्थ व्यक्तियों में इन प्रोटीनों का स्तर उसी तरह बढ़ गया। इसका मतलब है कि जीवन के शुरुआती दिनों में भी हृदय स्वास्थ्य के लिए नींद के महत्व पर जोर देना महत्वपूर्ण है, ।

**इस तरह की गई जांच**

टीम ने सामान्य वजन वाले 16 स्वस्थ युवा पुरुषों का विश्लेषण किया – सभी की नींद की आदतें स्वस्थ थीं। प्रतिभागियों ने एक नींद प्रयोगशाला में समय बिताया, जहां दो सत्रों में उनके भोजन और गतिविधि के स्तर को सख्ती से नियंत्रित किया गया। एक सत्र में, प्रतिभागियों को लगातार तीन रातों तक सामान्य मात्रा में नींद मिली, जबकि दूसरे सत्र के दौरान, उन्हें प्रत्येक रात केवल चार घंटे की नींद मिली। दोनों सत्रों के दौरान, सुबह और शाम के रक्त के नमूने लिए गए, और 30 मिनट तक चलने वाले उच्च-तीव्रता वाले व्यायाम के बाद। शोधकर्ताओं ने रक्त में लगभग 90 प्रोटीन के स्तर को मापा और यह देखने में सक्षम थे कि इनमें से कई प्रोटीन जो बढ़ी हुई सूजन से जुड़े हैं, प्रतिभागियों के नींद से वंचित होने पर बढ़ गए।

**नींद की कमी का शारीरिक व्यायाम पर भी होता है असर**

शोधकर्ताओं ने बायोमार्कर रिसर्च पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में कहा कि इनमें से कई प्रोटीन पहले से ही हृदय रोग जैसे हृदय विफलता और कोरोनरी धमनी रोग के बढ़ते जोखिम से जुड़े हैं। इसके अलावा, टीम ने पाया कि नींद की कमी के बाद शारीरिक व्यायाम ने थोड़ी अलग प्रतिक्रिया उत्पन्न की। हालांकि, प्रमुख प्रोटीन की संख्या समान रूप से बढ़ी, चाहे व्यक्ति नींद से वंचित था या नहीं। शोधकर्ताओं ने पहले दिखाया है कि नींद की कमी की स्थिति में व्यायाम करने से हृदय की मांसपेशियों की कोशिकाओं पर थोड़ा भार बढ़ सकता है। सेडरनेस ने कहा कि- यह जांचने के लिए आगे के शोध की आवश्यकता है कि महिलाओं, वृद्ध व्यक्तियों, हृदय रोग वाले रोगियों या अलग-अलग नींद पैटर्न वाले लोगों में ये प्रभाव कैसे भिन्न हो सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -127

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# इतिहास, विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रुद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है— छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।


**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**

यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**

यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊँचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।



**राम राजा मंदिर**

यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहाँ भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहाँ का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया और सैन्य सम्मान, इस मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**

यह मंदिर एक ऊँचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**

इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**

बेतवा नदी के किनारे स्थित ये स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

# मानव तस्करी के मामले रोकने समन्वित कार्यवाही की जरूरत

**कोरिया बैकुंठपुर।** मानव तस्कर विरोधी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रचार प्रसार एवं विकास संस्थान की पहल पर मनेंद्रगढ़ जिले में हुए एक कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारकों की सहभागिता रही। इस कार्यक्रम सभी ने सफल बनाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की तस्करी से निपटने हेतु साझा प्रयासों पर चर्चा करना रहा। छत्तीसगढ़ प्रचार प्रसार एवं विकास संस्थान, देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्टिस एंड राइट्स फोर चिल्ड्रन की साझेदारी संगठन है और छत्तीसगढ़ प्रचार प्रसार एवं विकास संस्थान बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहा है। ये ज़रूरी है कि अब बच्चे, जो तस्करी, बाल विवाह और बाल यौन शोषण के शिकार हैं, उनकी सुरक्षा और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किए जाएं।



बच्चों की तस्करी से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि बच्चों के कानूनी हकों की जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील बालकों की ट्रैकिंग रिपोर्टिंग और उनके कमज़ोरियों के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी पक्षधारों के बीच समन्वय को मज़बूत करना अत्यंत ज़रूरी है, ताकि एक प्रकार का सुरक्षा जाल बच्चों के लिए बना सके और समयसीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।

छत्तीसगढ़ प्रचार प्रसार एवं विकास संस्थान ने पिछले वर्षों के दौरान 65 बच्चों को बाल श्रम, तस्करी और बाल विवाह से बचाया है। संगठन ने उन्हें रेस्क्यू कर पुनर्वास सेवाएं मुहैया कराई हैं और यह प्रक्रिया संबंधित विभागों के साथ मिलकर की जाती रही है। बहुत से बच्चों, खास तौर से लड़कियों को बहलाकर या बहकाकर ले जाया जाता है और तस्करी की जाती है। यह एक ऐसी समस्या है जिसे समय में रोक न दी जाए तो बच्चों के शोषण के उपाय और भी बढ़ जाते हैं।

बताते चलें कि जुलाई महीने में छत्तीसगढ़ प्रचार प्रसार एवं विकास संस्थान ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ ज़िला स्तर पर बच्चों की तस्करी को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए रेलवे स्टेशनों पर अभियान चलाया। इस तस्करी निरोधक अभियान में बाल संरक्षण समिति, जिला प्रशासन, चाइल्ड लाइन, रेलवे पुलिस, एएचटीयू, आरपीएफ और अन्य विभागों के अधिकारियों, किशोरों, समुदाय प्रतिनिधियों, बच्चों और पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई और कई ज़िलों से बच्चों के रेस्क्यू की रिपोर्ट भी साझा की गई थी।

बच्चों की सुरक्षा के लिए ज़मीनी स्तर पर निरंतर और प्रभावी काम करने वाले संगठन का महत्व और जिला प्रशासन के साथ हम उनमे सहयोग का भाव पैदा कर पाएंगे और यह भाव तस्करी को रोकथाम के लिए सबसे असरदार उपाय साबित होगा। रोकथाम अभियान की सफलता के लिए जिले में मज़बूत प्रशासनिक समन्वय और समबद्ध कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। इस तरह से काम कर हम न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा बल्कि उन तस्करी गिरोहों के नेटवर्क का भी ख़ात्मा कर सकेंगे जो बच्चों का शिकार करते हैं।

इस कार्यक्रम में रेलवे विभाग से सीएसएम निर्मल सर एवं रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स से बीके चौधरी सर की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों ही अधिकारियों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अपने विचार साझा किए एवं रेल यात्राओं के दौरान बच्चों की तस्करी को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# वित्तीय पारदर्शिता के लिए जीएसटी व टीडीएस पर लगाई कार्यशाला



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और शासन की प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में जीएसटी, टीडीएस एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में सहायक आयुक्त जीएसटी शैलेन्द्र पटेल और राज्य कर अधिकारी पी.एस. मार्को द्वारा जीएसटी एवं टीडीएस की नियमानुसार कटौती, लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निपटारे, साथ ही ईडब्ल्यूआर/ईआरएम से जुड़े मामलों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला में उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रशांत गुप्ता और आकाश अग्रवाल ने कहा कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी समय-समय पर वित्तीय निर्देशों और शासन के नियमों का अध्ययन करें ताकि त्रुटिहीन और उत्तरदायी वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित हो सके।

जिला कोषालय अधिकारी पी.एस. परिहार ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा, सभी अधिकारियों को चाहिए कि वे वित्तीय नियमों के अनुरूप कार्य करें और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। ऐसी कार्यशालाएं अधिकारियों के कौशल संवर्धन में सहायक सिद्ध होती हैं।

कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों से बड़ी संख्या में आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विषय-वस्तु से संबंधित जिज्ञासाएं भी साझा कीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

## छत्तीसगढ़ में व्यापार और वाणिज्य को मिलेगी नई गति

**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, राज्य में व्यापार एवं वाणिज्य को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस संशोधन विधेयक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को कानूनी राहत, कारोबारी प्रक्रियाओं को सरल बनाना, कर मामलों का शीघ्र निराकरण और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है।

विधेयक में इनपुट टैक्स क्रेडिट के प्रावधानों को और स्पष्ट किया गया है ताकि कारोबार, कर भुगतान और क्रेडिट के उपयोग में पारदर्शिता आ सके। विशेष श्रेणी के लेन-देन (जैसे सेज, निर्यात, वेयरहाउस परिसंचरण) को स्पष्ट परिभाषित किया गया है। साथ ही वित्त अधिनियम, 2025 के केंद्र सरकार के संशोधनों के अनुरूप कई तकनीकी और प्रक्रियागत बदलाव किए गए हैं। माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 के अनुसार इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर नियम में संशोधन किया गया है। अब आईजीएसटी में रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के अंतर्गत प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट का वितरण अपनी शाखाओं में करने की अनुमति मिलेगी। इससे जीएसटी अधिनियम की विसंगतियां दूर होंगी और 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा मिलेगा। विधेयक में ऐसे पेनाल्टी की राशि जिसमें टैक्स डिमांड शामिल नहीं है ऐसे प्रकरणों में अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए पूर्व डिपोजिट 25 प्रतिशत राशि को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी प्रकार वाउचर टैक्स निर्धारण को और अधिक स्पष्ट किया गया है। पहले जीएसटी प्रणाली में वाउचर पर कर निर्धारण के संबंध स्थिति स्पष्ट नहीं थी इस पर जीएसटी कब लगेगा इन्हें जारी करने के समय या इन्हें रिडीम करते समय इस संबंध में विभिन्न एडवांस रूलिंग अथॉरिटी मत भिन्नता थी। संशोधन विधेयक के अनुसार अब वाउचर रिडीम करते समय जीएसटी लगेगा। तंबाकू आदि उत्पादों के लिए ट्रैक एंड ट्रेस मैकेनिज्म लागू किया गया है, जिससे उनकी आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी निगरानी हो सकेगी। ऐसे उत्पादों के सभी यूनिट पैकेट में एक क्यूआर कोड अंकित करना होगा, जिसे स्कैन करने पर निर्माता, उत्पाद, एमआरपी, विक्रेता, बिल आदेश, भुगतान के सभी रिकार्ड आदि जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

## जिले में खरीफ सीजन के लिए उर्वरक की हो रही पर्याप्त आपूर्ति

**एमसीबी।** जिले में खरीफ सीजन प्रारंभ होते ही कृषकों द्वारा खाद एवं बीज की मांग की जा रही है। जिसकी आपूर्ति हेतु जिले की सहकारी समितियों में खाद बीज का पर्याप्त भण्डारण है। जिले में यूरिया की उपलब्धता 3081.90 मि.टन, डीएपी की उपलब्धता 721.55 मि.टन, एनपीके की उपलब्धता 1459.20 मि.टन, एसएसपी की उपलब्धता 349.35 मि. टन, पोटाश की उपलब्धता 234.95 मि.टन है। जिसके विरुद्ध सहकारी समितियों में अब तक यूरिया का भण्डारण 2094.56 मि.टन, डीएपी का भण्डारण 616.55 मि.टन, एनपीके का भण्डारण 1368.10 मि.टन, एसएसपी 325.35 मि.टन, पोटाश 156.85 मि.टन इस प्रकार समस्त उर्वरकों का भण्डारण 4702.52 मि.टन हुआ है। अब तक जिले के कृषकों द्वारा यूरिया 2013. 56 मि.टन.. डीएपी 491.20 मि.टन, एनपीके 1312.25 मि.टन, एसएसपी 190.35 मि.टन एवं पोटाश 120.7525 मि.टन कुल 4128.11 मि.टन, उर्वरक का उठाव किया गया है।

## नशे से लोगों को दूर करने नगर में जागरूकता रैली निकाली पुलिस ने



**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले में नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान "नवजीवन" के तहत गुरूवार, 31 जुलाई 2025 को संयुक्त जिला कार्यालय से पुलिस के अधिकारियों व जवानों के द्वारा बाईक रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। नशे के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित इस बाईक रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली मनेन्द्रगढ़ रोड, चंदरपुर चौक, भैयाथान रोड़ होते हुए माताकर्मा चौक से वापस जिला कार्यालय जाकर समाप्त हुई। 150 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों ने हेलमेट धारण कर रैली निकालकर नागरिकों को नशा ना करने, नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया। इस रैली में लाउड स्पीकर के माध्यम से नशे को ना, जिंदगी को हो कहने का संदेश देते हुए नशीले पदार्थो का सेवन न करने की अपील कर लोगों को जागरूक किया गया। इस जागरूकता रैली में सीएसपी एस.एस. पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, आरआई अशोक गिरी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पांडे सहित 150 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि अभियान नवजीवन के तहत यह बाईक रैली निकालकर समाज में लोगों को नशा मुक्ति के बारे में जागरूकता फैलाना और नशे के नकारात्मक प्रभावों से लोगों को अवगत कराना था। इस बाइक रैली में लोगों को यह संदेश देना था कि अपने और समाज के लोगों को नशे से दूर रखने में सक्रिय भूमिका निभाएँ और नशे से संबंधित गतिविधियों की सूचना टोल फ्री हेल्पलाईन नंबर 1933 एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम के मोबाईल नंबर 9479193999 पर तुरंत दें, साथ ही कहा कि नशे के खिलाफ सभी को मिलकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है, ताकि एक सुरक्षित, समृद्ध और स्वस्थ छत्तीसगढ़ बनाया जा सके।

## चोरी के सामान के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**सूरजपुर।** चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम जूर का अफरोज अंसारी अवैध रूप से रेलवे विभाग का तांबा लगा लोहे का तार को अपने घर के पीछे छिपाकर रखा है। सूचना पर चौकी बसदेई पुलिस मौके पर पहुंची जहां अफरोज को तलब कर उसके घर के पीछे से 30 किलो रेलवे विभाग का ताबा का पट्टी, 150 मीटर केबल तार जला हुआ कीमत करीब 30 हजार रूपये का पाया। अफरोज से तांबा-केबल तार संबंधी दस्तावेज की मांग किए कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जो चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1-घ)/303(2) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर तांबा-केबल तार जप्त कर आरोपी अफरोज अंसारी पिता सहाबुद्दीन अंसारी उम्र 32 वर्ष ग्राम जूर, चौकी बसदेई को गिरफ्तार किया गया।

## सड़कों पर घूमते मवेशियों पर लगेगा अंकुश

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले की सड़कों पर घूमते मवेशियों से बढ़ रही दुर्घटनाओं और ट्रैफिक अवरोध को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोरिया ने संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पारित आदेश और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है।



कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, पूर्व में भी कई बार निर्देश दिए गए, परंतु संबंधित विभागों द्वारा अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती गई, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और जन-धन की हानि की घटनाएं बढ़ रही हैं।

प्रमुख निर्देशों में जिले की सभी सड़कों से घुमंतू मवेशियों को प्रतिदिन हटाया जाए ।जनपद पंचायत और नगर पालिका अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित मुनादी करवाएं। पशु चिकित्सा विभाग एमयूव्ही वाहन से माइकिंग कराए और मवेशियों के लिए रेडियम बेल्ट जैसे सुरक्षात्मक उपाय अपनाए।

लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा सड़कों पर नियमित पेट्रोलिंग की जाए ।सड़क पर मवेशी की उपस्थिति के कारण दुर्घटना होने या मवेशी की मृत्यु की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत लापरवाह पशु मालिकों पर कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें तथा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी समय-समय पर उच्च अधिकारियों को उपलब्ध कराएं।

यह आदेश पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, सभी अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, आरटीओ, तहसीलदार, जनपद पंचायत एवं नगर पालिका अधिकारियों को भेजा गया है।

## आपरेशन मुस्कान से खोजा बालक को

**सूरजपुर।** गत 26.07.2025 को विश्रामपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका 13 वर्षीय पुत्र दिनांक 24.07.2024 के दोपहर में बिना बताये घर से कही चला गया जिसकी काफी खोजबीन करने पर भी वह नहीं मिला। सूचना पर थाना विश्रामपुर में गुम इंसान कायमी उपरान्त अपहरण की धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को हर संभव प्रयास कर नई तकनीक की मदद एवं छोटी-बड़ी जानकारी हासिल कर अपहृत को दस्तयाब करने के निर्देश दिए है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना विश्रामपुर पुलिस के द्वारा अपहृत बालक लगातार गंभीरतापूर्वक पतासाजी करने के क्रम में जबलपुर, रायपुर रेलवे कंट्रोल रूम एवं इन्क्वायरी नंबर 193 पर फोन एवं वाटसएप पर बच्चे की जानकारी साझा करने पर जानकारी मिली कि अपहृत बालक ट्रेन में सफर कर भिलाई रेलवे स्टेशन में उतरा है। परिजनों से पूछताछ पर जानकारी मिली कि उसके दूर के रिश्तेदार रायपुर में रहते है जिनसे मोबाईल के माध्यम से सम्पर्क कर बालक को लेने के लिए भिलाई भेजा गया जहां बालक सकुशल गया जिसे वापस विश्रामपुर लाया गया। पूछताछ पर बालक ने बताया कि उसे ट्रेन में बैठकर घुमने का मन किया तो ट्रेन और बस में सफर करते हुए भिलाई रेलवे स्टेशन पहुंच गया था। दस्तयाब किए गए गुम बालक को विधिवत उसके परिजनों को दिनांक 31.07.2025 को सुपुर्द किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश तिवारी सक्रिय रही।

# आकांक्षी ब्लॉक बैकुंठपुर को नीति आयोग से मिला सिल्वर मेडल



**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर विकासखंड के लिए यह दिन गौरवपूर्ण रहा जब उसे भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत 'सिल्वर मेडल' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत ऑडिटोरियम में 'संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 60 अधिकारियों, कर्मचारियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया गया।

**स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित व समृद्ध जिला बनाने में योगदान दें,**

समारोह के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने इस उपलब्धि के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव, गरीब, किसान और आदिवासियों के कल्याण हेतु लगातार कार्य कर रहे हैं। यह पुरस्कार उनकी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का प्रमाण है। उन्होंने कहा स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित व समृद्ध जिला बनाने में सभी योगदान दें।

**मेहनत, समर्पण और जनभागीदारी का परिणाम,**

जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने समारोह में कहा, %बैकुंठपुर विकासखंड को 6 में से 5 सूचकांकों में 100 प्रतिशत संतृप्ति मिली है, यह फ्रंटलाइन वर्कर्स की मेहनत, समर्पण और जनभागीदारी का परिणाम है।

उल्लेखनीय है कि जुलाई से सितंबर 2024 के दौरान चलाए गए 'संपूर्णता अभियान' में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, शिक्षा व सामाजिक विकास के प्रमुख सूचकांकों पर उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन संकेतकों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल, मधुमेह व रक्तचाप की नियमित जांच, कुपोषण में कमी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, स्व-सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड, प्रमुख सम्मानित अधिकारी शामिल हैं। इस मौके पर जनपद पंचायत बैकुंठपुर के तत्कालीन सीईओ ए. पन्ना को विशेष पुरस्कार दिया गया। साथ ही विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, शिक्षा, योजना एवं सांख्यिकी तथा ए.बी.पी. फेलो को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। मंच में कई लाभार्थियों ने योजना से हुई लाभ के बारे में जानकारी साझा की। वहीं स्कूली छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर श्रोताओं से वाहवाही भी बटोरे।

**'आकांक्षा हाट' में दिखा स्थानीय उत्पादों का रंग,**

कार्यक्रम में 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देते हुए 'आकांक्षा हाट' का उद्घाटन भी किया गया। विधायक व कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों ने रागी से बने केक का स्वाद लिया। यह आयोजन 31 जुलाई से 6 अगस्त 2025 तक कोरिया मिलेट्स कैफे परिसर में प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें स्थानीय स्व सहायता समूह व कारीगरों के उत्पाद जैसे सोन शहद, सुगंधित चावल, पोषक लड्डू, देसी अचार, पापड़, बड़ी आदि प्रदर्शित व विक्रय हेतु उपलब्ध हैं।

जिला प्रशासन ने आम जनता से आह्वान किया है कि वे इस हाट में भाग लें, स्थानीय उत्पादों को अपनाएं और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को सशक्त बनाएं।

इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## चंदा यादव ने एक गृहिणी से लाखों की उद्यमी बनने तक का सफर किया साकार

**एमसीबी।** जिले की खड़गवां ब्लॉक के पोंडी बचरा गांव की रहने वाली चंदा यादव दीदी की कहानी आज पूरे जिले के लिए प्रेरणा बन चुकी है। कभी बेहद साधारण पारिवारिक परिस्थिति में जीने वाली चंदा दीदी आज न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि लाखों की उद्यमी भी बन चुकी हैं। यह कहानी संघर्ष, साहस और सतत् प्रयास की वह मिसाल है, जो यह सिद्ध करती है कि अगर हौसले बुलंद हों तो हालात चाहे जैसे भी हों, बदले जा सकते हैं।

चंदा दीदी के पति विद्यानंद यादव खेती और मजदूरी करते थे। वार्षिक आमदनी मात्र 45 से 60 हजार रुपए थी। जिससे घर खर्च निकालना बेहद कठिन हो गया था। परिवार लगातार आर्थिक तंगी से गुजर रहा था, लेकिन चंदा दीदी ने परिस्थितियों से हार मानने के बजाय बदलाव का रास्ता चुना। एक दिन वे गांव की एक महिला स्व-सहायता समूह की बैठक में भाग लेने गईं, जहाँ उन्होंने देखा कि दूसरी महिलाएं कैसे छोटे-छोटे व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उस दिन उनके मन में एक नई चिंगारी जगी और उन्होंने भी अपने जीवन को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

# डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल पांडवपारा के विद्यार्थियों ने सीसीए उद्घाटन समारोह में बेहतर कर्तव्य निर्वहन का लिया संकल्प

## रंगारंग लोकनृत्य के ताल पर झूमे विद्यार्थी..



**कोरिया पांडवपारा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल स्क्ष्ष्टरु,पांडवपारा में प्रथम सीसीए (शैक्षणिक गतिविधि) का उद्घाटन समारोह रखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आर.पी. मिश्रा (सह क्षेत्र प्रबंधक, एसईसीएल झिलमिली )ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया समारोह की विशेष अतिथि अजितेश भट्टाचार्य एवं अध्यक्षता पी .एल .वर्मा (प्राचार्य डी. ए .वी. पब्लिक स्कूल पांडवपारा )के द्वारा किया गया। संस्था के प्राचार्य द्वारा अतिथियों के स्वागत पश्चात छात्राओं द्वारा भावपूर्ण स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई । चूंकि छात्र-छात्राओं की सर्वांगीण विकास के लिए सीसीए के द्वारा वर्ष भर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां (चित्रकला, रंगोली ,वाद विवाद प्रतियोगिता,भाषण ,निबंध ,सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता आदि) के माध्यम से बच्चों में निहित कौशलों के विकास के लिए यह गतिविधियां की जाती है। निश्चित ही प्रतिभा एवं योग्यता को परखने की संकल्पना इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरी होती है। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य द्वारा कहा गया कि यह विद्यालय 17 वर्षों की यात्रा में इस विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर समाज की विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं कोई इंजीनियर,डॉक्टर, शिक्षक विभिन्न पदों का निर्वहन कर रहे हैं ।यह कार्यक्रम बच्चों के कौशल विकास का एक सशक्त माध्यम है। विद्यालय को चार हाउस (सदन) में बांटा गया है,जिसमें- आकाश, अग्नि, जल एवं वायु है। इनके प्रमुखों का मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया छात्र-छात्राओं की शैक्षिक गतिविधियों की आकलन के लिए संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां हुई जो दशकों में खूब प्रशंसनीय रहा। संस्कृत श्लोक वाचन में आकाश सदन ने भगवान श्री कृष्ण की जीवन मूल्यों को अपने श्लोक में समाहित कर निर्णायकों को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर जल हाउस एवं तृतीय स्थान पर वायु हाउस रहे। वही लोकनृत्य थीम पर प्रतियोगिता आयोजित था, जिसमें सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की संस्कृति को (कलबेलिया नृत्य )के माध्यम से दर्शकों एवं निर्णायकों को प्रभावित करते हुए वायु सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अग्नि हाउस ( बिहू नृत्य) एवं तृतीय स्थान पर जल हाउस (छत्तीसगढ़ी नृत्य)रहे। इसके पश्चात विद्यालय के नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों का अतिथियों द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया ।विगत दिवस जिला स्तरीय रेट रिबन प्रतियोगिता ,बैकुंठपुर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आकृति जायसवाल एवं जरियाब कामिल को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उद्बोधन की कड़ी में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि डी.ए.वी. पांडवपारा की शैक्षिक गतिविधियां उत्कृष्ट है, जिसकी तुलना नहीं की जा सकती। इस कार्यक्रम में धार्मिक एवं विभिन्न राज्यों की संस्कृति का ऐसा समन्वय किया गया जो कि एक आध्यात्मिक भाव को जाग्रत करती है और आगे शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्तरोत्तर विकास करते रहें ,बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वचन प्रदान किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक नारायण अग्रवाल ने तथा मंचसंचालन वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार कटकवार एवं श्रीमती स्नेहा मिश्रा के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के समस्त छात्र छात्राएं ,शिक्षकगण ,गणमान्य नागरिक ,पत्रकार दीर्घा का विशेष योगदान रहा।

## टॉवेल, गमछा नहीं मिला कामगारों को

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में कार्यरत कामगारों को प्रत्येक वर्ष टॉवेल व गमछा दिया जाता है ताकि वे धूप में बचकर काम कर सके। टॉवेल, गमछा अन्य कार्यों में भी काम आते हैं। एचएमएस ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है और कहा है कि आईआर बैठक में इस मामले को उठाया जाता रहा है। लेकिन उनकी मांगें अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमलाल यादव, एस.डी.मानिकपुर, शेखचांद मंसूरी, अनुज राम इस मामले को पुनः प्रबंधन के सामने रखेंगे। अगर उनकी मांगें मानी नहीं जाती है तो मुख्यालय में मामले को रखा जाएगा। इसी तरह आवासों के छतों की मरम्मतीकरण के मामले को भी कई बार उठाया गया है। छतों के टुकड़े गिरने से कोयला कामगारों का परिवार बाल-बाल घायल होने से बचा है। इन सभी मामलों को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है क्योंकि गेवरा परियोजना के आवास काफी पुराने हो चुके हैं। कोयला कामगार हमेशा भयभीत नजर आता है।

## स्वास्थ्य मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल

**कोरबा।** सफाई कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष सिकंदर उसरवर्षा के नेतृत्व में जाकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा और उनसे मांग करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी आयोग का गठन छत्तीसगढ़ में किए जाने की जरूरत है। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। पढ़ाई करने वाले छात्रों को काफी असुविधा होती है। वे उच्च स्तर से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। इसी तरह नौकरी में सीधी भर्ती की मांग की गई। जिसमें कहा गया कि अन्य प्रदेशों में सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती हो रही है लेकिन यहां ठेकेदारों से ही काम कराया जा रहा है। इसको लेकर सफाई कर्मचारियों में आक्रोश है।

## जर्जर भवनों के मरम्मत की मांग

**कोरबा।** कलेक्टर कार्यालय के पीछे बने कई भवनों के छत के टुकड़े गिरने लगे हैं। पानी का रिसाव होने से बैठने वाले कर्मचारी भी परेशान रहते हैं। इन सभी मांगों को लेकर कोसाबाड़ी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि आवासों के छत के टुकड़े गिरने से दुर्घटनाएं हो सकती है। इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मरम्मतीकरण किया जाना जरूरी है। भाजपा महिला मोर्चा की मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह, राजेश राठौर, मिलापराम बरेठ, पुनीराम साहू ने पत्र में आगे कहा है कि बरसात के मौसम में छतों से पानी का रिसाव होने से कर्मचारी यहां नहीं बैठ पा रहे हैं।

## चोरी के मामले में गोपाल गिरफ्तार

**कोरबा।** मानिकपुर पुलिस ने गैराज के बाहर से लोहे के पाइप, एंगल और अन्य सामान चोरी करने के मामले में गोपालदास मानिकपुरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राताखार क्षेत्र का निवासी है। उसने कुछ दिन पहले चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस इसकी जांच कर रही थी। एक सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित सामान जब्त किए गए।

# बैगामार में करंट की चपेट में आया दंतैल हाथी, हुई दर्दनाक मौत

### मचा हड़कंप, सीसीएफ, डीएफओ समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे, जांच शुरू, एक हिरासत में



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत बैगामार गांव में करंट की चपेट में आने से एक दंतैल हाथी की मौत हो जाने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। करंट से हाथी के मौत की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। इस सिलसिले में एक ग्रामीण को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। जिस स्थान पर हाथी को करंट लगा है वहां ग्रामीण द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए झटका मशीन लगाया था।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाथी की करंट लगने से मौत की घटना फारेस्ट डिविजन कोरबा के कुदमुरा वन परिक्षेत्र के चचिया बिट अंतर्गत बैगामार गांव के सागौन बाड़ी में घटित हुई। बताया जा रहा है कि यहां पर 25 की संख्या में हाथी विगत कुछ दिनों से विचरण कर रहे हैं इनमें एक दंतैल हाथी भी शामिल था। बीती रात यह दंतैल झुंड से अलग होकर जंगल के किनारे स्थित टीकाराम राठिया नामक ग्रामीण के खेत के पास सागौन बाड़ी पहुंच गया और उसके द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। करंट लगते ही दंतैल की तत्काल मौत हो गई। इधर बैगामार गांव में दंतैल हाथी की करंट लगने से मौत की खबर मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। सीसीएफ वन्य प्राणी मनोज पांडेय, डीएफओ कुमार निशांत, एसडीओ सूर्यकांत सोनी, रेंजर बी.एस. पैकरा समेत अन्य अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच-पड़ताल में हाथी की मौत के लिए प्रारंभिक तौर पर जिम्मेदार मानते हुए ग्रामीण को हिरासत में ले लिया गया है और उससे आगे पूछताछ की जा रही है। वहीं मृत हाथी के कफन-दफन की तैयारी भी विभाग की ओर से गई है। इससे पहले मृत दंतैल के पंचनामे की कार्यवाही व पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसके लिए पशु चिकित्सकों को बुलाया गया है जो वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करेंगे और अपनी रिपोर्ट देंगे। इससे पहले भी कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में करंट लगने से हाथी की मौत हो चुकी है। उस समय हाथी 11केवी तार की चपेट में आ गया था तब बिजली विभाग के लाइनमेन को दोषी मानते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने उसकी गिरफ्तारी की थी। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बिजली विभाग को लूज तार को ठीक करने के लिए कई बार सूचित किया गया था लेकिन विभाग ने इसे ठीक नहीं किया और लापरवाही बरती। फलस्वरूप हाथी की उसकी चपेट में आने से मौत हो गई।



*संदेही टीकाराम*

### गजराज की मौत से फायर हुए रामपुर विधायक

आज गजराज की मौत की खबर मिलते ही रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया घटना स्थल पहुंचे स्थल का जायजा लिया। घटना को वन विभाग और बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए अधिकारियों को लगाई फटकार और जल्द से जल्द कार्यवाई की मांग की तत्पश्चात हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गजराज की पूजा अर्चना कर अंतिम संस्कार किया और वनमंडल अधिकारी को दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।



# ज्वलंत विषयों को लेकर कार्टून भी शामिल है राखी में

### सर्कस मैदान में जगह दी कारोबारियों को

**कोरबा।** श्रावण पूर्णिमा को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाना है। इसके लिए 8 दिन बाकी है। इधर पॉवर सिटी कोरबा में राखियों का बाजार लगाने के लिए नगर निगम ने महाराणा प्रताप के नजदीक सर्कस मैदान में जगह उपलब्ध करायी है। वर्तमान में प्रचलित राखियों में ज्वलंत विषयों के साथ कई कार्टून को भी शामिल किया गया है। बच्चे इन्हें ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

50 से अधिक दुकाने इस बाजार का हिस्सा है। इसके अलावा सौंदर्य प्रसाधन से लेकर आर्टिफिसियल ज्योलरी के साथ जनरल स्टोर्स में भी राखी बेचने की व्यवस्था कारोबारियों ने की है। बताया गया है कि मुख्य रूप से कोलकाता, दिल्ली और मुंबई में बनने वाली राखियां यहां पहुंची है। जबकि पिछले वर्ष के बचे स्टाक को भी इस कड़ी में खफाने की जुगत जमाई गई ताकि खर्चों का समायोजन हो सके। बताया गया कि पूजा की राखी 10 से लेकर 20 रूपए की कीमत पर उपलब्ध है, जबकि पहनने वाली राखियों में 20 से लेकर 500 रूपए तक की वैरायटी को शामिल किया गया है। समय के साथ कच्चे माल में बढ़ोतरी और लॉजिस्टक दरों के प्रभावशील होने पर राखियों की कीमत हर साल बढ़ जाती है, ऐसा कारोबारियों ने कहा। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की पसंद और मांग को देखते हुए कहा कि इस बार भी चांदी का इस्तेमाल होने वाली राखियां उपलब्ध करायी गई है। हालांकि इनकी पूछ परख ना के बराबर है। इन सबके बावजूद बाजार के मूड को भांपने के साथ यह सब करना होता है।

### स्वसहायता समूहों ने अलग थीम पर किया काम

आजीविका मिशन और विहान कार्यक्रम से जुड़ी महिलाओं ने इस बार भी राखियां बनाने में रूचि दिखाई। महिलाओं के समूहों ने आर्थिक स्वावलंबन के तहत इस काम को हाथ में लिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के धार्मिक और सांसकृतिक प्रतीकों का उपयोग राखियों में किया है। इनमें कौड़ी, धान के अलावा दूसरी चीजों का उपयोग किया है। कहा गया कि इनके माध्यम से राखियों के महत्व को और ज्यादा मजबूती मिलती है। पिछले वर्षों में कोरबा के कई समूहों के द्वारा ऐसे उत्पाद होली, दीपावली और रक्षाबंधन तैयार किये गए, जिन्होंने अच्छी बिक्री की।

# अपराध नियंत्रण पर जोर, सख्ती से कार्रवाई करने की जरूरत

### क्राईम मीटिंग ली एसपी ने

**कोरबा।** स्थानीय जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में क्राईम मीटिंग आयोजित की गई। पिछले कुछ समय में हुए अपराधों की जानकारी लेने के साथ इन मामलों में की गई कार्यवाही और प्रगति का ब्यौरा लिया गया। इसके साथ ही लंबित मामलों का निराकरण करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

समयबद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पुलिस में क्राइम मीटिंग आयोजित की जिसमें पुलिस थाना और चौकी के प्रभारी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी इस बैठक में मौजूद थे। बारी-बारी से सभी क्षेत्रों में बीते समय में हुई घटनाओं और इस दिशा में पुलिस की ओर से की गई करवाई के बारे में चर्चा हुई। कुछ मामलों में अपराधों की गंभीरता को लेकर प्रभारी से सवाल जवाब हुए। इसके पीछे की वजह जानने पर भी जोर दिया गया। कहा गया कि अपने-अपने क्षेत्र में आपराधिक ग्राफ को कम करने के लिए विशेष कोशिश की जाए। अपराधिक तत्वों की कुंडली निकालने के साथ उसे पर अध्ययन करने पर भी फोकस किया गया।




काफी समय से लंबित प्रकरण की स्थिति को भी इस बैठक में जाना गया। अनिवार्य रूप से पेंडेंसी कम करने की बात भी कहीं गई। यह भी कहा गया किया कि काफी समय से बीट सिस्टम पर काम किया जा रहा है। इसलिए यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बीट प्रभारी के साथ-साथ सहयोगी अपनी भूमिका का बेहतर निर्वहन करें, इसे भी देखा जाए। अपने क्षेत्र में रहने वाले प्रतिष्ठित लोगों के साथ-साथ आम लोगों से बराबर संपर्क हो और संवाद भी हो। क्योंकि लोगों को अपने क्षेत्र के बारे में बेहतर जानकारी होती हैं और किसी प्रकार के अपराध होने पर उनसे पुलिस को सहयोग मिल सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा की कम्युनिटी पुलिसिंग के काफी अच्छे परिणाम पूर्व में आते रहे हैं इसलिए इसे हमेशा ध्यान में रखने की जरूरत है।

कुछ मामलों में अनुसंधान को लेकर हो रही देरी के बारे में संबंधित प्रभारी से जानकारी ली गई और उनका आवश्यक मार्गदर्शन किया गया। क्राइम मीटिंग में यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार के अवैध क्रिया कलाम इलाके में नहीं होने चाहिए। ऐसी किसी सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सख्ती दिखाई जाए। ऐसे काम करने पर सभी क्षेत्रों में एक अच्छा वातावरण बनाया जा सकेगा और जनता का विश्वास सहूलियत होगी। बैठक में पुलिस विभाग के स्थानीय राजपत्रित अधिकारियों के अलावा थाना प्रभारी एमबी पटेल, धर्म नारायण तिवारी, अभिनव कांत सिंह, युवराज तिवारी, मृत्युंजय पांडेय, के के वर्मा, चमन सिन्हा, प्रमोद डनसेना, ए खलखो, प्रेमचंद साहू, जितेंद्र यादव, राजेश तिवारी, दुर्गेश वर्मा, भीम यादव उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री शर्मा से मुलाकात

**कोरबा।** महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रभा तंवर व महामंत्री भुवनेश्वरी दास ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा और कहा कि ग्राम रलिया में रहने वाली एक छात्रा की मौत एमपी में हो गई थी। एमपी में वह अध्ययनरत थी। पुष्पांजलि महंत नामक इस छात्रा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कोई भी संतुष्ट नहीं है। इस मामले की जांच एमपी सरकार से कराई जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आश्वासन देते हुए कहा है कि मामले को काफी गंभीर से लिया जा रहा है आौर एमपी सरकार को पत्र लिखकर जांच की मांग की जाएगी। इसके पहले इन महिला कांग्रेसियों ने कांगेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात की और एमपी में हुए छात्रा की मौत के विषय में बताया। श्री बैज ने कहा कि इस मामले पर सरकार दबाव बनाने पर प्रयास करेगी।

# कोल माइंस से ड्रिल मशीन की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक कोयला खदान से ड्रिल मशीन की चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ घटना के दौरान मामला दर्ज किया गया था और इन्वेस्टिगेशन किया जा रहा था।

दीपिका पुलिस की ओर से इस मामले में कार्रवाई की गई। बताया गया कि इस क्षेत्र में न केवल साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बल्कि कोल इंडिया की मेगामाइंस से संचालित की जा रही हैं। इनके माध्यम से 100 मिलियन टन कोयला का वार्षिक उत्पादन किया जा रहा है। इन खदानों से प्रोडक्शन और प्रोडक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए हर जरूरी मैकेनाइज्ड संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें से एक ड्रिल मशीन को काफी समय पहले चोरी कर लिया गया था। खदान प्रबंधन की ओर से दीपिका पुलिस थाना में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद करने के साथ जांच पड़ताल की जा रही थी। जांच पड़ताल के अंतर्गत पुलिस के पास यह सूचना पहुंची की एक स्थान पर चोरी की ड्रिल मशीन देखी गई है जो संभव होता है दीपका थाना क्षेत्र के अंतर्गत खदान की हो सकती है। पुलिस ने इसे वेरीफाई किया और फिर जपती कर ली। एसईसीएल प्रबंधन सामान की पहचान करने के साथ स्पष्ट किया कि उसके कार्य स्थल से इसे चोरी किया गया था।

बताया गया कि प्रकरण में गिरफ्तार किए गए आरोपों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। इसके साथ यह पता लगाया जा रहा है कि उसने और कितनी जगह पर इस प्रकार की घटनाओं का अंजाम दिया है।

नमः शिवाय
प्लाट बेचना है
शादी घर, होटल, रिसॉर्ट के लिए 1.5 एकड़ का डायवर्टेट प्लाट बेचना है, घंटाघर हेलीपेड के पास।
संपर्क करें
62681-46606

# 105वीं पुण्यतिथि पर याद किया तिलक को

**कोरबा।** स्वाधीनता संग्राम सेनानी और अपने जमाने के प्रमुख पत्रकार लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी 105वीं पुण्यतिथि पर कोरबा में याद किया गया। 1 अगस्त 1920 को तिलक ने जिंदगी की अंतिम सांस ली थी।

कोरबा में ब्रिज क्लब का नामकरण तिलक के नाम पर है। नगरी निकाय के द्वारा बीते वर्षों में इस भवन की व्यवस्था कराई गई, जहां पर क्लब की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। बाल गंगाधर तिलक के राष्ट्रीय सरोकारों को रेखांकित करने के लिए प्लीज क्लब कोरबा की ओर से उनकी पुण्यतिथि पर इस तरह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। संस्था के सदस्यों ने तिलक की प्रतिमापन श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें स्मरण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्यों ने पत्रकारिता और स्वाधीनता आंदोलन में तिलक की भूमिका को लेकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में अधिकांश सदस्यों ने उपस्थित तय की।



# सारी बुराइयों से दूर रहने का संकल्प आवश्यक

### रक्षाबंधन मनाया ब्रह्माकुमारीज ने

**कोरबा।।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवाकेंद्र जमनीपाली के डायमंड जुबली भवन में रक्षाबंधन का कार्यक्रम मनाया गया। सीआईएसएफ के कमांडेंट राजीव कुलहरी मुख्य अतिथि व रुक्मणि , बिंदु उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेट कर किया गया। इस अवसर पर बिन्दु दीदी ने कहा की इस रक्षा बंधन पर हम सभी को यह संकल्प करना चाहिए की हम सारी बुराईयों से अपनी आत्मा की रक्षा करेंगे, राखी केवल भाई-बहन के रिश्ते का प्रतिक नहीं बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के बीच के पवित्र बंधन का स्मरण है।राजीव ने कहा की ब्रह्मकुमारिज संस्था ने रक्षा बंधन को अध्यात्मिक स्वरुप देकर एक नयी दिशा दी है और यह राखी केवल रीति नहीं, बल्कि एक अध्यात्मिक जाग्रति का सन्देश है । बी.के रुक्मणी दीदी जी ने कहा की अगर हमे राम राज्य लाना है तोह पहले हमे अपने जीवन में पवित्रता को धारण करना होगा, उन्होंने कहा की यह पर्व हमे आत्म संयम, आत्म सुरक्षा और ईश्वरीय संरक्षण का भाव प्रदान करता है। आज के समय में जब बाह्य सुरक्षा के साधन बढ़ते जा रहे है, हमे आंतरिक सुरक्षा के लिए भी सजग होना आवश्यक है।अंत में अतिथियों को रक्षा सूत्र बांधा गया। साथ ही ईश्वरीय प्रसाद भी दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे भाई बहने उपस्थित रहे। और सभी को रक्षा सूत्र बाँधा गया।



# आईपीएस में हुआ छात्र संघ का शपथ ग्रहण

**कोरबा।** आईपीएस दीपका में छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नकुल कुमार वर्मा (डिप्टी कमांडेंट, सीआईएसएफ) ने विद्यार्थियों को कर्मठता की शपथ दिलाई।



इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता, शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार और श्रीमती सोमा सरकार भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विद्यालय छात्र संघ एवं विद्यालय के चारों सदन की छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई। शपथ के पश्चात मुख्य अतिथि और प्राचार्य महोदय ने अपने हाथों से सभी पदाधिकारियों को शैश और बैच पहनाकर सम्मानित किया और अपने पद पर निष्ठापूर्वक कार्य करने की प्रेरणा दी।

मुख्य अतिथि नकुल कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का स्वर्णिम काल होता है। इस काल में विद्यार्थी जो कुछ भी सीखता है, वह उसके व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी का परम कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता का सम्मान करे और अपने विद्यालय को उन्नत बनाने में योगदान करे।

प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि अनुशासन वह गुण है जिससे व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति आदर और समझ विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और नेतृत्व की भावना का विकास होता है और यह विद्यार्थियों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार ने कहा कि विद्यार्थी का अपने विद्यालय के प्रति भी दायित्व बनता है। उसे अपने विद्यालय को उन्नत बनाने में यथासंभव योगदान करना चाहिए और विद्यालय की स्वच्छता बनाए रखने में मदद करनी चाहिए।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com